रोहतक, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 296
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 7.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत




हरियाणा सरकार
Ministry of External Affairs
Government of India
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥
भगवद्गीता 18.66
सम्पूर्ण कर्तव्य कर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा।
मैं तुझे सभी पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत कर।
Abandoning all duties, come to Me alone for shelter.
Be not grieved, for I shall release you from all evils.
अंतरराष्ट्रीय
गीता महोत्सव
2025
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
(कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भाव एवं स्वदेशी की प्रेरणा)
15 नवम्बर - 5 दिसम्बर, 2025 । कुरुक्षेत्र
इस अवसर पर
श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री के द्वारा
ज्योतिसर पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन
महाभारत पर केंद्रित
ज्योतिसर अनुभव केंद्र का अवलोकन
आरती एवं पूजा-अर्चना
पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर
अध्यक्षता
प्रोफेसर असीम कुमार घोष
राज्यपाल, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
25 नवम्बर, 2025
सायं 5:30 बजे
ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

रोहतक, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 296
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 28.8
न्यून. 7.8



07 भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड

ੴ ਸ਼ਹਾਦਤ ਦੇ 350 ਸਾਲ ਹਿੰਦ ਦੀ ਚਾਦਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਜੀ 1675 - 2025



# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

**भाई मती दास जी,**
**भाई सती दास जी,**
**भाई दयाला जी**



### श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

**25 नवंबर, 2025**

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो


### श्री अमृतसर साहिब अंदरून सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहर का दर्जा दिया गया

## शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम और पहलकदमियां

- पंजाब सरकार द्वारा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित विभिन्न राज्यों में कार्यक्रम आयोजित किए गए
- कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब, नई दिल्ली से की गई
- गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के चरण-स्पर्श प्राप्त 142 गाँवों और शहरों के विकास के लिए 71 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। प्रत्येक गाँव और शहर को 50 लाख रुपये दिए गए
  1 नवंबर से पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए गए, जो अब श्री आनंदपुर साहिब में करवाए जा रहे हैं, जिनमें श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के महान जीवन और दर्शन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया
- गुरु साहिब जी के चरण-स्पर्श प्राप्त नगरों और शहरों में कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए
- 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन सजाया गया। 20 नवंबर को तलवंडी साबो, फ़रीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन सजाये गये। ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम और 23 नवंबर को अमृत वेले के समय श्री आनंदपुर साहिब पहुँचकर सम्पन्न हुए।
- श्री आनंदपुर साहिब में बड़ी संख्या में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी बना ई गई, जिसका नाम 'चक्क नानकी' रखा गया है
  - इस पवित्र नगरी में सर्व-धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया
  - गुरु साहिब के जीवन और दर्शन को दर्शाती प्रदर्शनी और ड्रोन शो आयोजित किए गए
  - कीर्तन दरबार, कथा, गत्तका और गाइडेड टूर का आयोजन किया गया

**आइए, श्री आनंदपुर साहिब में नतमस्तक हों**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब



# 'रील' से 'रियल' तक 'ही-मैन' ही रहे धर्मेंद्र

'रील से रियल' तक 'ही-मैन' रहे धर्म पाजी यानी अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली गांव में जन्में धर्मेंद्र ने जब दिलीप कुमार की फिल्म शहीद देखी तो बेचैन हो उठे। उन्होंने सिनेमा हॉल से बाहर निकलते ही मन ही मन ठान लिया कि अब उन्हें दिलीप कुमार जैसा ही बनना है। इसी संकल्प के साथ धर्मेंद्र ने अपना कॅरियर शुरु किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। कामायाबी ऐसी मिली की कोई उन्हें, ही-मैन कहने लगा तो कोई धर्म पाजी। जैसे-जैसे फिल्में हिट होती गईं वैसे-वैसे धर्मेंद्र के उप नाम भी बढ़ते गए। कुल मिलाकर 6 दशक में 300 फिल्में और करीब दो दर्जन बड़े अवार्ड उनके खाते में आ गए। इस बीच उन्होंने पूरे देश को हंसाया, गुदगुदाया और एक बेहतरीन कलाकार को गढ़कर सबके चहते बन गए। ये सफर कब पूरा हो गया किसी को पता ही नहीं चला। अब सिर्फ उनकी यादें हैं और आंखों में आंसू के सिवाए कुछ नहीं है। धर्मेंद्र से जुड़ीं कुछ यादें 'हरिभूमि'अपने पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

## कुछ इस तरह का सफर रहा धर्मेंद्र का

**जन्म:** 8 दिसंबर 1935

**मृत्यु:** 24 नवंबर 2025

**परिवार:** पूरा नाम धरम सिंह देओल है। उनके पिता केवल किशन सिंह देओल एक स्कूल शिक्षक थे।

**शिक्षा:** स्कूली शिक्षा फगवाड़ा के लालटन कलां से पूरी की और पंजाब यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

**फिल्मों में आने का कारण:** फिल्मफेयर मैगजीन के एक टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बनने के बाद, उन्होंने अभिनय की चाहत में मुंबई का रुख किया।

**करियर :** धर्मेंद्र ने 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

**सफलता:** 1966 की फिल्म 'फूल और पत्थर' ने उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया।

**अभिनय:** फिल्मों में एक्शन और रोमानी दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन उनकी 'सत्यकाम' और 'शोले' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी सराहा गया है।

**ही-मैन:** बॉलीवुड के ही-मैन के रूप में जाना जाता है और उन्होंने अपने पांच दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

**कुल फिल्में**
**300**
**हिट फिल्में**
**74**
**ब्लॉकबस्टर**
**07**
**सुपरहिट**
**13**

## ही मैन का निजी जीवन



**पहली शादी:** धर्मेंद्र की पहली शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिनसे उनके चार बच्चे हैं: सनी देओल, बॉबी देओल, विजेता और अजिता।

**दूसरी शादी:** अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी की, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं: ईशा देओल और अहाना देओल।

**राजनीति:** धर्मेंद्र ने राजनीति में भी कदम रखा और भाजपा के सदस्य के रूप में 2004 में राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए।

## 1 200 रुपए के लिए गैराज में करते थे काम



जब धर्मेंद्र फिल्मों में काम करने की चाह लिए मुंबई पहुंचे तो उस वक्त गुजारा करने के लिए न उनकी जेब में पैसे थे और उनके पास रहने के लिए कोई ठिया था। अपना गुजारा करने के लिए वो एक गैराज में काम करते थे। वहां काम करने के लिए उन्हें 200 रुपए मिलते थे। इतने पैसों में उनका गुजारा नहीं हो पाता था, इसलिए वो ओवरटाइम भी करते थे और फिर रात में गैराज में ही सो जाते थे। जब दिल भी तेरा हम भी तेरे फिल्म के जरिए उन्हें बॉलीवुड में पहला ब्रेक मिला तो उन्हें ऐसी उम्मीद थी कि उन्हें इस पिक्चर के लिए कम से कम 5 हजार रुपए मिलेंगे। हालांकि, उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे, वो भी तीन लोगों ने मिलकर 17-17 करके उन्हें 51 रुपए दिए थे। ये फीस भले ही कम थी, लेकिन धर्मेंद्र उस 51 रुपए को काफी लकी मानते थे। कुछ साल पहले धर्मेंद्र एक सिंगिंग रियलिटी शो पर पहुंचे थे, उस वक्त एक्टर ने स्ट्रगल को लेकर बात की थी।


## 2 जब मां ने ये कहा रोज पीया करो बेटा

धर्मेंद्र सोने से पहले हमेशा अपनी मां सतवंत कौर के पैर दबाया करते थे। धर्मेंद्र तब तक पैर दबाते थे, जब तक मां उन्हें सोने को नहीं कहतीं। एक दिन धर्मेंद्र शराब पीकर आए और अपनी मां के पैर दबाने लगे। मां की नींद लग गई और उन्होंने धर्मेंद्र से रुकने को ही नहीं कहा। वो रात भर मां के पैर दबाते ही रहे। जब मां की नींद खुली तो



उन्होंने कहा, बेटा, शराब पीकर इतने अच्छे पैर दबाते हो, रोज पीया करो। ये किस्सा खुद धर्मेंद्र ने सारेगामापा शो में सुनाया था। इसी तरह एक किस्सा और है जब 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी फिल्म 'आनंद' प्लान कर रहे थे तो सबसे पहले उन्होंने इसकी कहानी बेंगलुरु से मुंबई फ्लाइट के दौरान धर्मेंद्र को सुनाई थी। धर्मेंद्र बड़े खुश हुए। उन्हें गलतफहमी हुई कि ऋषिकेश दा शायद उन्हें ही फिल्म में लेंगे। कुछ दिनों बाद अखबार में खबर छपी कि फिल्म के हीरो राजेश खन्ना होंगे। धर्मेंद्र ने जमकर शराब पी और फिर देर रात ऋषिकेश दा को कॉल किया और कहा कि आप मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं, ऋषि दा... ऋषिकेश उन्हें शांति से समझाते रहे और कहते रहे कि धरम हम सुबह बात करेंगे, लेकिन धर्मेंद्र थे कि लगातार अपनी बात दोहराए जा रहे थे। ऐसा करते-करते उन्होंने रातभर ऋषिकेश दा को परेशान किया। इसके बावजूद ऋषिकेश मुखर्जी और धर्मेंद्र की दोस्ती बरकरार रही।

## 3 हेमा के साथ सीन के लिए दिए थे 2 हजार



रमेश सिप्पी शोले फिल्म के दूसरे हीरो के लिए एक ऐसे एक्टर की तलाश में थे, जो ज्यादा पॉपुलर न हो। ऐसे में धर्मेंद्र ने ही अमिताभ के नाम का सुझाव दिया। धर्मेंद्र इस फिल्म में वीरू की जगह ठाकुर का रोल निभाने में अड़े हुए थे, लेकिन संजीव कुमार को पहले ही कास्ट कर चुके रमेश सिप्पी उन्हे बदलने के पक्ष में नहीं थे। जब धर्मेंद्र ने जिद नहीं छोड़ी तो रमेश ने उन्हें समझाया कि अगर वो ठाकुर बने तो उन्हें हेमा के साथ कम सीन मिलेंगे, लेकिन अगर वीरू बने तो उन्हें बसंती बनीं हेमा के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। इस बात को सुनकर धर्मेंद्र मान गए। धर्मेंद्र हेमा को इस कदर पसंद करते थे कि जब बसंती को गन चलाना सिखाने वाला सीन शूट हो रहा था। धर्मेंद्र ने स्पॉटबॉय को 2000 रुपए दिए, जिससे बार-बार सीन खराब हो और रीटेक करना पड़े। स्पॉटबॉय ने रिश्वत लेकर बार-बार सीन दोहराने में धर्मेंद्र की मदद की और धर्मेंद्र बार-बार हेमा के नजदीक जाते रहे। बाद में 1980 में हेमा मालिनी से शादी की।

## 4 शशि कपूर अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया



वैसे तो अभिनेता धर्मेंद्र को लेकर कई किस्से है लेकिन जो सर्वाधिक चर्चा में रहे है उनमें एक किस्सा धर्मेंद्र का शुरुआती एक्टिंग करियर संघर्ष से भरा था। उन्होंने कई रातें चने खाकर रेलवे स्टेशन पर गुजारी थीं। वह रोल पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के यहां मीलों पैदल चलकर जाते थे, जिससे कुछ पैसे बचा सकें और वह खाना खा सकें। एक बार शशि कपूर उन्हें अपने घर लेकर गए थे और भरपेट खाना खिलाया था। इसके अलावा धर्मेंद्र और दिलीप कुमार का रिश्ता भी बड़ा खास था। धर्मेंद्र दिलीप साहब को अपना बड़ा भाई मानते थे। वह जब भी दिलीप कुमार से मिलते तो उनके पैरों के पास बैठते थे। वक्त-वक्त पर वह दिलीप कुमार से मिलने उनके घर जाया करते थे। धर्मेंद्र का नाम एक वक्त में मीना कुमारी के साथ भी जोड़ा गया। मीना कुमारी को शायरी का शौक था। कहा जाता है कि मीना कुमारी की संगत में रहकर ही धर्मेंद्र को भी शायरी का शौक हुआ। इसी तरह गोविंदा जब फिल्मों में हिट हुए थे तो कुछ गुंडे लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। ऐसे में गोविंदा ने धर्मेंद्र से मदद मांगी थी। तब धर्मेंद्र ने ऐलान किया था कि वह गोविंदा की मदद करेंगे। इसके बाद गोविंदा को किसी ने परेशान नहीं किया। धर्मेंद्र अपनी एक्शन फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। वह फिल्मों में अपने एक्शन सीन्स खुद किया करते थे। कभी भी धर्मेंद ने बॉडी डबल की मदद एक्शन सीन्स के लिए नहीं ली। एक फिल्म में धर्मेंद्र ने असल में चीते से लड़ाई लड़ी थी।

## 5 मुझे लगता सनी मेरे पास बैठे, पर मैं भी अपने पापा के पास नहीं बैठता था

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि उनके मां-बाप उनके वक्त के लिए तरसते रहे, और आज वही कमी उन्हें खुद भी महसूस होती है। अभिनेता ने कहा था कि पेरेंटस और बच्चों के बीच दोस्ती का रशिता होना चाहिए। बॉलीवुड-बॉलीवुड को दिए एक पुराने इंटरव्यू में अभिनेता धर्मेंद्र से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि उनके ऊपर उनके पिता की छाप है, क्योंकि वे खुद भी एक सख्त पिता माने जाते हैं। इस सवाल पर धर्मेंद्र मुस्कराते हुए कहते हैं, 'हां, यह बात सही है। सनी बाबू भी मुझसे डरता है। मुझे हमेशा लगता है कि वो मेरे पास बैठे, मुझसे बातें करे, आज सोचता हूं कि काश मेरे बाबूजी मेरे दोस्त होते, दोस्ती होना बहुत जरूरी है। मैं बहुत मिस करता हूं और वे लोग कभी मेरे साथ बैठते नहीं है। वो इंटरव्यू में आगे बताते हैं, सनी आता है और बस इतना कहता है-



पापा, मैं शूटिंग पर जा रहा हूं। ऐसे ही मैं करता था। मुझे अपने पिताजी याद आते हैं। वो उस वक्त अपनी छड़ी लेकर बैठे रहते थे और कुछ सोचते रहते थे। जब मैं पूछता था, क्या सोच रहे हैं बाबूजी?' तो वो कहते थे, जल्दी आ जाया करो शूटिंग से। मैं उन्हें गले लगाकर निकल जाता था। शाम को जब लौटता था तो मां ठुड्डी पर हाथ रखे बैठी रहती थीं, जब उनसे पूछो कि क्या हुआ, तो भी वही जवाब देती थी। आज महसूस होता है कि हमारे मां-बाप भी हमारा साथ चाहते थे। वो चाहते थे कि हम उन्हें वही प्यार, वही लाड़-दुलार दें, जो उन्होंने हमें बचपन में दिया था। आज वो बात समझ आती है। आज, वही कमी सबसे ज्यादा महसूस होती है।

## ढेरों पुरस्कार और पद्म भूषण से भी सम्मानित

- धर्मेंद्र ने फिल्मों में सिर्फ एक्टिंग की नहीं की, बल्कि वह प्रोड्यूसर भी रहे हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता और फिल्मफेयर के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के अलावा करीब दो दर्जन सम्मान उन्हे मिले हैं। जिसमें ये प्रमुख हैं।
- साल 2012 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



- धर्मेंद्र की प्रोड्यूस फिल्म 'घायल' को साल 1990 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म में उनके बेटे सनी देओल ने लीड रोल किया था।
- धर्मेंद्र को साल 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड मिला था। वहीं 1991 में उनकी प्रोड्यूस फिल्म घायल को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

## मेहनत से कमाई... करीब 5.35 अरब की संपत्ति

धर्मेंद्र की संपत्ति और नेट वर्थ की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 500 से 535 करोड़ रुपए (5.35 अरब) के आसपास बताई जाती है। यह अथाह संपत्ति उन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट से जुटाई। धर्मेंद्र खास पढ़े-लिखे नहीं हैं, पर इसने कभी भी उनकी सफलता की राह में रोड़े नहीं अटकाए। धर्मेंद्र ने अपनी कड़ी मेहनत से हर मुश्किल को आसान बना लिया। धर्मेंद्र अब काफी समय से महाराष्ट्र के लोनावला स्थित अपने फार्महाउस पर रह रहे हैं। इसमें स्वीमिंग पूल समेत सारी लग्जरी सुविधाएं हैं। यहां धर्मेंद्र खेती भी करते हैं और काफी स्टाफ भी



रखा हुआ है। धर्मेंद्र वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते थे। उनके इस फार्महाउस की कीमत 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। धर्मेंद्र के पास दो घर भी हैं, जिनमें से एक 20 करोड़ तो दूसरा 48 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मेंद्र के पास 17 करोड़ रुपए की और भी संपत्ति है, जो महाराष्ट्र में ही है। 1 करोड़ 55 लाख रुपए की खेती की जमीन है, जिस पर धर्मेंद्र का रिजॉर्ट बनाने का प्लान था। धर्मेंद्र के पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनमें 1960 में खरीदी उनकी फिएट से लेकर विंटेज फिएट और मर्सिडीज बेंज तक, शामिल हैं।


## धरम पाजी की वो फिल्में... जिनके किरदारों ने उन्हे बुलंदियों तक पहुंचाया




**सत्यकाम** :1969, गंभीर मुद्रा में भी माहिर



**फूल और पत्थर** : 1966, इसी फिल्म से बने थे ही-मैन



**सीता और गीता** : 1972, जैसी भूमिका वैसे एक्प्रेशन



**मेरा गांव मेरा देश** :1971, सुपर हिट, धर्मेंद्र को सराहा गया



**शोले** : 1975, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना : हिट डायलॉग

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# 'धरम-युग' का अंत...



**65 साल रहे सिल्वर स्क्रीन पर** » **मौत की खबरों को बार-बार मात दी** » **आखिर, पर्दा गिर गया.. पर 'नायक' कभी नहीं मरा करते**

# पल-पल 'दिल के पास' रहेंगे धरम जी

| | |
|---|---|
| जन्म | 8 दिसंबर 1935 |
| मृत्यु | 24 नवंबर 2025 |

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लंबी बीमारी से संघर्ष करते-करते 89 साल के हिंदी सिनेमा के प्रख्यात और धाकड़ अभिनेता धर्मेंद्र सोमवार दोपहर अनंत यात्रा पर निकल गए। उन्होंने मुंबई के अपने बंगले पर आखिरी सांस ली। मृत्यु से ठीक पहले उनका भरा-पूरा परिवार उनके सामने था। दोनों पत्नियां, बेटे बेटियां और नाती-पोते। धर्मेंद्र एक जीवंत अभिनेता ही नहीं, जीवंत मनुष्य भी थे। वे सरलता व सादगी से रहते थे। स्टारडम को उनको कोई घमंड नहीं था। उनको उनके दर्शक समाज ने विभिन्न भूमिकाओं में गढ़ा था। वे अपने से लगते थे। देओल परिवार भले ही उनकी बीमारी व निधन को व्यक्तिगत क्षति मानता हो पर उनके दर्शक समाज के लिए यह सार्वजनिक क्षति है। उनको याद करके एक आम दर्शक की आंखों में आंसू हैं। जिनके साथ उन्होंने काम किया है, वे भी भावुक हैं।

## उनकी 'ही-मैन' की छवि यूं बनी

फिल्मी दुनिया में जब सिक्स पैक एब्स का चलन नहीं था, तब धर्मेंद्र सबसे हैंडसम हीरो थे। उनसे पूछा गया था कि ये डोले-शोले कैसे बने? उन्होंने कहा था कि वे एक सामान्य पृष्ठभूमि से थे। युवावस्था में परिवहन के साधन न होने पर एक ही दिन में करीब 50 मील की साइक्लिंग करते थे। इसके अलावा घर में हैंडपंप न होने के कारण पानी कुए से भरा जाता था, वे कई घंटे तक बिना थके पानी भरा करते थे। मवेशियों के लिए हरा चारा काटने के लिए वे हाथों से चलने वाली मशीन भी चलाया करते थे।

### जब भी मेरे कदम डगमगाए... गांव के कच्चे रास्तों की धूल की खुशबू ने मुझे भटकने से बचा लिया

वे कहते थे- 65 साल हो गए इंडस्ट्री में आए हुए, मेरे अंदर से साहनेवाल का धर्मेंद्र नहीं जाता। वो मुझे बहुत संभालता है। शोहरत की इस चौंधिया देने वाली रौशनी में, जब भी मेरे कदम डगमगाए, मेरी आत्मा में रची मेरे गांव के कच्चे रास्तों की धूल की खुशबू ने मुझे भटकने से बचा लिया... वही हूं मैं, वैसा ही रहूंगा, इसलिए लोग मुझे प्यार करते हैं।

## 'मरजाणे' तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था

बकौल धर्मेंद्र-एक्टर के लिए शरारती, विटी, इमोशनल, मासूम और जज्बाती होना जरूरी है। उन्होंने चौथी क्लास में अपने ननिहाल का किस्सा साझा करते हुए बताया था कि गांव में उनके परिवार की बड़ी इज्जत थी। मां को लोग बड़ी बीबी कहा करते थे। अंगुली पकड़कर चलते समय से गोद में चढ़ने की जिद करने पर मां ने कहा, मरजाणे तुझे तो किसी अमीर के घर पैदा होना चाहिए था। इस पर मैंने कहा- दे दो किसी को।

## उनको दिलीप कुमार की 'शहीद' से मिली प्रेरणा

अभिनेता बनने के पीछे की प्रेरणा का जिक्र करते हुए उन्होंने एक बार कहा था, दिलीप कुमार अभिनीत शहीद फिल्म देखने के बाद उन्हें एक्टिंग की प्रेरणा मिली। देश के बंटवारे के कुछ ही समय बाद उन्होंने नौवीं कक्षा में पढ़ाई करने के दौरान फिल्म देखी थी। उनसे मिली प्रेरणा के बाद धर्मेंद्र ने अपनी लेखनी से कुछ पंक्तियां भी लिखीं।- इतना प्यारा इंसान यार, मुझे भी उनपर इतना प्यार आ रहा था, मुझे लगा उन्हें भी वैसा ही प्यार मिलना चाहिए, मुझे भी लोग प्यार करें, नौकरी करता, साइकल पर आता जाता, फिल्मी पोस्टर्स में अपनी झलक देखता, रातों को जागता, अनहोने ख्वाब देखता, सुबह उठकर आइने से पूछता, मैं दिलीप कुमार बन सकता हूं क्या?

## श्रद्धासुमन

### भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी क्षति



वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है। वे देश के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे और उन्होंने अपने लंबे फिल्मी करियर में कई यादगार किरदार निभाए। भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने ऐसी विरासत छोड़ी है जो आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित करती रहेगी। मैं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती हूं।

*- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति*

### सादगी, विनम्रता और प्यार के लिए किए जाएंगे याद



धर्मेंद्र जी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए कहा कि उनके जाने से एक युग का अंत हो गया है। वह एक आइकॉनिक फिल्म पर्सनैलिटी थे, एक जबरदस्त एक्टर थे जो अपने हर रोल में चार्म और गहराई लाते थे। धर्मेंद्र जी अपनी सादगी, विनम्रता और प्यार के लिए भी उतने ही जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में, मेरी दुआएं उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत फैंस के साथ हैं।

*- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

## खास बातें

- 89 साल के धर्मेंद्र लंबे वक्त से डिस्पेनिया की बीमारी से लड़ रहे थे सांस लेने में दिक्कत थी
- सांस या कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम की समस्याओं जैसे अस्थमा, निमोनिया, हार्ट फेलियर या एनीमिया के कारण डिस्पेनिया होता है
- मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में कई बार भर्ती रहे, बाद में उनको उनके बंगले में शिफ्ट किया गया
- सोमवार दोपहर उन्होंने अपने घर में ही अंतिम सांस ली, विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार बड़े बेटे सनी ने दी मुखाग्नि
- वे अपने जीवन के अंतिम वक्त तक पर्दे पर सक्रिय रहे, उनकी अंतिम फिल्म 21 हाल ही में रिलीज होगी
- वे बीकानेर से 1984 में सांसद भी रहे पर लोकसभा में वे बहुत कम ही दिखे, तब वहां उनके गुमशुदा के पोस्टर लगाए गए थे
- उनके दो पत्नियां व 6 बच्चे, 13 नाती-पोते, पहली पत्नी प्रकाश कौर से दो बेटे-दो बेटी, दूसरी पत्नी हेमामालिनी से दो बेटियां

---

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ, गवई को लगाया गले

# जस्टिस सूर्यकांत बने 53वें सीजेआई, हिंदी में ली शपथ

### शपथ ग्रहण के बाद छुए भाई-बहन के पैर, पीएम ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए। शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। *(संबंधित खबर पेज-3 पर)*



### छह देशों के मुख्य न्यायाधीश समारोह में पहुंचे

इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की।

### एक छोटे शहर के वकील से सर्वोच्च पद पर पहुंचे

हिसार जिले के पेटवाड़ गांव में 10 फरवरी, 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत एक छोटे शहर के वकील से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे हैं। वह राष्ट्रीय महत्व और संवैधानिक मामलों के कई फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे। उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून में स्नातकोत्तर में 'प्रथम श्रेणी में प्रथम' स्थान प्राप्त करने का गौरव भी प्राप्त है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में कई उल्लेखनीय फैसले देने वाले सूर्यकांत अपने दृढ़ निश्चय के दम पर शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

---

कुरुक्षेत्र में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## भारत की शालीनता उसकी कमजोरी नहीं, पहलगाम हमले का ऑपरेशन सिंदूर से मुंहतोड़ जवाब दिया



**कुरुक्षेत्र।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार हरियाणा के कुरुक्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। रक्षा मंत्री ने सबसे पहले ब्रह्मसरोवर पर पूजन किया, जिसके बाद वो हरियाणा पवेलियन का अवलोकन करने पहुंचे और फिर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में भाग लिया। यहां उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर बात की। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम की घटना आज भी विचलित करती है, जब पर्यटन के लिए गए हमारे निर्दोष यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया। आतंकियों ने न केवल भारत की शांतिप्रियता को चुनौती दी थी, बल्कि वे यह मान बैठे थे कि भारत की शालीनता उसकी कमजोरी है, लेकिन हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' से इसका माकूल जवाब दिया। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि भारत की आत्म-प्रतिबद्धता और आत्म-सम्मान की घोषणा थी। (पेज 2 भी देखें)

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया**

---

## दिल्ली में गलत रनवे पर उतरा अफगानिस्तान का प्लेन, बड़ा हादसा टला, जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट एफजी 311 काबूल से आ रहा था। सूत्रों के मुताबिक, विमान को रनवे 29 लेफ्ट (29एल) पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 राइट (29आर) पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय रनवे 29आर पर कोई विमान टेकऑफ के लिए मौजूद नहीं था, वरना गंभीर हादसा हो सकता था। एविएशन अथॉरिटीज ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान के एविएशन अधिकारियों को इस गंभीर गलती को लेकर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

■ उड़ान भरने वाले रनवे पर हो गई लैंडिंग

## इंडिया गेट पर नक्सलियों का किया समर्थन, दिल्ली के प्रदूषण की 'आड़' में हिड़मा के समर्थन में नारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने वालों में से 6 लोगों को सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 22 पर एफआईआर दर्ज की हैं। एक कर्तव्यपथ थाने में दूसरी पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या अन्य गंभीर अपराधों का प्रावधान हो सकता है।



पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी इंडिया गेट पर प्रदूषण पर प्रदर्शन करने के लिए आए थे, ये लोग नक्सलियों के समर्थन में नारे क्यों लगाने लगे हैं। इनके हाथों में हाल में मारे गए नक्सली कमांडर हिडमा के पोस्टर थे। कोर्ट से इनको हिरासत में लेकर नक्सलियों के समर्थन में पूछताछ की जाएगी।

---

## सशस्त्र बलों की शक्ति बढ़ी, 'साइलेंट हंटर' नाम दिया

# स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस माहे नौसेना में शामिल समुद्र में दुश्मन की पनडुब्बियों को तलाशेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ मुंबई/नई दिल्ली

स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस माहे सोमवार को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया। यह माहे-क्लास का पहला पनडुब्बी रोधी (एंटी सबमरीन) और उथले पानी (जहां पानी की गहराई कम हो) में चलने वाला युद्धपोत है, जो तटीय इलाकों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। मुंबई में हुए समारोह में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। द्विवेदी ने तीनों सेनाओं की संयुक्त ताकत पर जोर दिया। उन्होंने कहा- सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी शक्ति सिनर्जी है। ऑपरेशन सिंदूर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

*यह जहाज उथले पानी में ऑपरेशन, तटीय इलाकों में गश्त, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और दुश्मन पनडुब्बियों की तलाश जैसे कामों में बड़ी भूमिका निभाएगा। ये काम बिना शोर के करने की काबिलियत के चलते इसे 'साइलेंट हंटर' नाम दिया गया है।*

### आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी रहे मुख्य अतिथि



### 80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना

आईएनएस माहे को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है, जो नौसेना की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक मजबूत कदम माना जा रहा है। नौसेना ने इसे "नए दौर का तेज, फुर्तीला और आधुनिक भारतीय युद्धपोत" कहा है। आईएनएस माहे भारतीय नौसेना की नई पीढ़ी का युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के लिए तैयार किया गया है। यह शैलो वॉटर यानी कम गहराई वाले समुद्री क्षेत्रों में भी उच्च सटीकता (हाई-प्रिसिजन) के साथ ऑपरेशन करने में सक्षम है। इसका 80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना है।




# कुरुक्षेत्र में आज आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सैनी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस पर आज ज्योतिसर (कुरुक्षेत्र) में राज्यस्तरीय समागम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कुरुक्षेत्र पहुंचकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य मंत्रीगण व गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र का लोकार्पण करेंगे और साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान पवित्र ब्रह्मसरोवर पर महाआरती में भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को समागम कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और मुख्य स्थल और मंच, संगत स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और आगंतुकों की सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने प्रदर्शनी स्थल समेत सभी महत्वपूर्ण जगहों पर चल रही तैयारियों की स्थिति देखी और अधिकारियों से जानकारी ली।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर समागम में करेंगे शिरकत

### किसी तरह की कमी न रहे : सैनी

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी तरह दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रबंधन, रूट प्लान, बैठने की व्यवस्था और तकनीकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें ताकि समागम में आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। सीएम नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तम बाग पहुंचकर भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और चल रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।*



### पवित्र ब्रह्मसरोवर पर महाआरती में भी प्रधानमंत्री भाग लेंगे

*अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पवित्र ब्रह्मसरोवर पर होने वाली महाआरती में भी शामिल होंगे। गीता महोत्सव, जो भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान का वैश्विक उत्सव है, हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस महोत्सव में देश-विदेश से आए विद्वान, कलाकार गीता के ज्ञान और कर्म के संदेश को सांझा करते हैं।*

### ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भी करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र ज्योतिसर में स्थापित अनुभव केंद्र का भी अवलोकन करेंगे। इसके अलावा, यहां भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य शंख पांचजन्य का भी लोकार्पण करेंगे। यह अवसर हरियाणा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत अनुभव केंद्र को विकसित किया गया है। लगभग 200 करोड़ से बनाए गए इस भव्य परिसर में महाभारत की कथा, दर्शन, इतिहास और आधुनिक तकनीकों से जीवंत किया गया है।

### सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए

सीएम सैनी ने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सहित कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आरती स्थल समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर तैयारियों का बारीकी से आकलन किया। निरीक्षण के उपरांत, मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत विभिन्न देशों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का भी अवलोकन किया। स्टॉल्स पर पहुंचने पर, विदेशी व्यापारियों और मेहमानों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से 'नमस्ते' कहकर अभिवादन किया।

## खबर संक्षेप



### हरविंद्र ने उत्तराखंड विस का दौरा किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को देहरादून पहुंच उत्तराखंड विधान सभा का अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी सचिव हेम पंत ने उनका स्वागत किया और संसदीय कामकाज तथा विधान सभा की कार्यप्रणाली पर चर्चा की। इस दौरान विधान सभा समितियों के कामकाज, विधान सभा स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया, रिसर्च विंग, नेवा इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई। उत्तराखंड विधान सभा के प्रभारी सचिव हेम पंत ने बताया कि उत्तराखंड विधान सभा में गत दो सत्रों से नेवा के तहत पेपरलैस कार्यवाही शुरू की गई है।

### नहीं रहे हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव बीएस ओझा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव रह चुके आईएएस सेवानिवृत्त बीएस ओझा का निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। अहम बात यह है कि उनके बड़े दामाद सर्वेश कौशल पंजाब में मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए हैं। जबकि छोटे दामाद संजीव कौशल हरियाणा के मुख्य सचिव रहे चुके हैं, इन दिनों वे हरियाणा वित्त आयोग में बतौर चेयरमैन जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बीएस ओझा का अंतिम संस्कार चंडीगढ़ स्थित सेक्टर 25 सेक्टर में मंगलवार को दोपहर बारह बजे होगा।

### रूस में फंसे युवाओं को मुक्त करवाएं : दीपेन्द्र

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भारत सरकार से मांग करी कि रूस में फंसे भारतीय युवाओं को मुक्त कराए। उन्होंने विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में रूस में फँसे भारतीय छात्र अमन एवं 56 अन्य भारतीय युवाओं की तुरंत सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर पत्र के साथ वहाँ फंसे युवाओं की सूची भी सौंपी। सरकार ने कहा कि सभी की सुरक्षित वापसी का हर संभव प्रयास होगा। सरकार ने इस बात का भी भरोसा दिया कि भविष्य में युद्ध क्षेत्र में किसी भी भारतीय की भर्ती नहीं करने के लिए उपाय किए जाएंगे।

### पुलिस ने 40 कुख्यात अपराधियों को पकड़ा

**चंडीगढ़।** 22 नवंबर को प्रदेशभर में अभियान में पुलिस ने 40 कुख्यात अपराधियों सहित कुल 225 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक ही दिन में की गई बड़ी कार्रवाई दर्शाती है कि हरियाणा पुलिस संगठित अपराध पर निर्णायक प्रहार कर रही है। अभियान के दौरान 1,479 हार्डकोर व वांछित अपराधी और 3,352 अन्य आरोपी कुल 4,831 अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गिरोह के दो इनामी शूटर सीआईए कालांवाली के हत्थे चढ़े सिरसा की सीआईए कालांवाली टीम ने गिरोह से जुड़े दो अपराधियों गोकुल पुत्र महावीर निवासी मीरपुर, सिरसा और अनिल उर्फ गोरू निवासी नेजादेला को पकड़ा।

## रक्षामंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन-2025 का शुभारंभ किया

*रक्षामंत्री बोले- गीता का ज्ञान पूरे विश्व के लिए*

# गीता केवल ग्रंथ ही नहीं बल्कि भारतीय प्रबंधन का पुराना मॉडल : राजनाथ सिंह

- जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज के विशेषांक तथा सम्मेलन स्मारिका का विमोचन भी किया गया।
- बोले- ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को जागृत करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गीता का संदेश केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व का ग्रंथ है। गीता ने हम सभी के जीवन को प्रभावित किया है। गीता केवल ग्रंथ नहीं बल्कि भारतीय प्रबंधन का पुराना मॉडल है। गीता के प्रचार-प्रसार में हरियाणा सरकार पूरा सहयोग कर रही है। इस प्रकार के आयोजन हमारी युवा पीढ़ी की चेतना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, विदेश मंत्रालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भगवद्गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शान्ति, सद्भावना एवं स्वदेशी की प्रेरणा विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन 2025 के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज, सामाजिक एवं न्याय मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल, प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, आचार्य विवेक मुनि, भाई साहब सतपाल, मौलाना काकोब, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, अम्बेडकर केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज के विशेषांक तथा सम्मेलन स्मारिका का विमोचन भी किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** सम्मेलन शुभारंभ करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, कृष्ण बेदी व सांसद नवीन जिंदल।



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर पूजा अर्चना करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अनिल विज और अन्य अतिथि।

### गीता के अनुसरण की जरूरतः ज्ञानानंद

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता हमें स्वधर्म से पलायन न करने की शिक्षा देती है। पूवे विश्व को गीता का अनुसरण करने की जरूरत है। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को स्वधर्म का संदेश दिया था। भारत की नीति कभी युद्ध की नहीं रही है। गीता के कर्मयोग का हमें पालन करना चाहिए। स्वधर्म केवल मजहब की स्थिति नहीं है। धर्म उदारता, खुलेमन का नाम है। गीता सभी की है। गीता का प्रारंभ धर्म से होता है।

### गीता को अपने जीवन में अपनाएं : जिंदल

कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि गीता को पढ़े और समझे। गीता को अपने जीवन में अपनाए और आत्मसात करें और विकसित भारत के सपने को साकार करें। हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि कर्मयोग निस्वार्थ रूप से किया गया कार्य होता है। गीता में हर प्रश्न का उत्तर दिया हुआ है। हरियाणा सरकार के मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री की ओर से सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### गीता मुल्कों को चलाती है : मौलाना

मौलाना काकोब ने कहा कि गीता इंसानियत, मुल्कों को चलाती है। उन्होंने गीता जिंदाबाद, भारत माता की जय का नारा लगवाया। जैन समाज के विवेक मुनि जी ने कहा कि गीता का संदेश प्रत्येक व्यक्ति के लिए है और इसे हमे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। गीता हमारे जीवन में आत्मबल पैदा करती है। भाई सतपाल ने कहा कि गीता में 700 श्लोक है। यदि हम एक भी श्लोक अपना ले तो हमें संतुष्टि मिल सकती है।

### एयरफोर्स स्टेशन पर विज ने किया स्वागत

**चंडीगढ़।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का प्रातः अम्बाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन आगमन पर ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने स्वागत और अभिनंदन किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह विशेष विमान से अम्बाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे, जहां ऊर्जा मंत्री अनिल विज के अलावा मंडल आयुक्त, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित सेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राजनाथ सिंह तथा अनिल विज भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर में अम्बाला से कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए।

### विज की अनदेखी, रक्षा मंत्री के काफिले में हाथ देने पर भी नहीं रुके वाहन

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल विज आज कुरुक्षेत्र में उस समय असहज हो गए, जब उन्हें अनदेखा कर दिया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ अंबाला से कुरुक्षेत्र पहुंचे विज ब्रह्म सरोवर पर रक्षा मंत्री के साथ रहे। लेकिन जैसे ही रक्षा मंत्री ब्रह्म सरोवर पर कार्यक्रम संपन्न होने के बाद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए निकले तो विज काफिले में शामिल गाड़ियों को हाथ देते रहे लेकिन कोई गाड़ी नहीं रुकी। बाद में सांसद नवीन जिंदल की गाड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तक पहुंचे। कैबिनेट मंत्री की यह अनदेखी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में चर्चा का विषय बन गई।

### एचसीएमएस अब 25 को नहीं 27 को करेंगे प्रदर्शन और हड़ताल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) अब अपनी 25 नवंबर को होने वाली दो घंटे की पेन-डाउन हड़ताल नहीं करेंगे। बल्कि इस कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर एसोसिएशन ने इस तारीख को बदलकर अब 27 नवंबर सुबह 9 से 11बजे कर दिया गया है। एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष डा. राजेश ने बताया कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र दौरे और अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में शामिल होने आ रहे हैं। वैसे, भी इस दिन राष्ट्रीय अवकाश (आरएच) को ध्यान में रखते हुए बदलाव कर दिया गया है।

### धान घोटाले ने किसानों को चिंता में डाला

चंडीगढ़। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि हरियाणा में करोड़ों के धान घोटाले ने प्रदेश के किसानों को गहरी चिंता में डाल दिया है। किसानों की मेहनत, पसीना और उपज से जुड़ा यह बड़ा मुद्दा अब प्रदेश की सडक़ों से लेकर गांवों की चौपालों तक चर्चा का विषय बन चुका है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान यह जानना चाहते हैं कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में हुए 5000 करोड़ के धान घोटाले पर हरियाणा आगमन पर इसका जिक्र करेंगे।

# सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों की प्रशंसा की तो खैर नहीं बदमाशों को हीरो बनाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

गैंगस्टरों और अपराधियों के कसीदे पढ़ने और उन्हें महिमा मंडित करने वालों की अब खैर नहीं है। डीजीपी हरियाणा की ओर से सूबे के सभी पुलिस अधीक्षकों, सीपी, डीसीपी को इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए इस तरह के तत्वों के विरुद्ध तुरंत एक्शन लेने के लिए कहा है।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को हीरो बताने वाले युवाओं, सोशल मीडिया, यूट्यूबर्स पर पैनी नजर रखने के निर्देश जारी किए हैं। इतना ही नहीं डीजीपी ने गीतों के माध्यम से गैंगस्टरों का प्रमोशन करने और उनका लगातार महिमामंडन करने वालों पर नजर रखने के लिए कहा है। सभी जिलों में पुलिस अधिकारी व आईटी के विशेषज्ञ इस पर पैनी नजर रख रहे हैं। बताया गया है कि हरियाणवी गायकों पर भी नजर टेढ़ी की गई है।

डीजीपी ने साफ कर दिया है कि गैंगस्टर और गन कल्चर का प्रमोशन करने वालों को अब हम सबक सिखाने के लिए कदम उठाने जा रहे हैं। इस तरह के काम में लगे लोगों को गायकों को सिंगर या कलाकार नहीं, अपराधी समझा जाएगा। सरकार पिछले कुछ माह से इस तरह के विवादित गीतों को बैन करने व कदम उठाने का काम रही है।

### हरियाणा डीजीपी ने लिखा पत्र

गायकों को गन और गैंग कल्चर के प्रमोशन को हतोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से गठित एसआईटी बैठक कर चुकी है। इस दौरान इस तरह के मामलों पर विस्तार से मंथन हुआ है। हरियाणा डीजीपी ओपी सिंह ने पुलिस चौकी इंचार्ज से लेकर एडीजीपी रैंक के अधिकारियों को पत्र लिखकर इस तरह के आदेश जारी किए हैं।पत्र में साफ किया है पैसे और हनक के चक्कर में और टशन दिखाने के लिए गैंगस्टरों की जीवन-शैली को गायक अपने गीतों से प्रचारित करते हैं। डीजीपी ने कहा कि युवाओं को उनके माता-पिता, शिक्षकों और समाज द्वारा दी गई सीख को मिनटों में पलट सकते हैं। हरियाणा पुलिस ने इस साल की शुरुआत में उन गानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी, जो कथित तौर पर बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इस कदम के तहत, गायकों, सोशल मीडिया और इसी तरह के अन्य प्लेटफॉर्म पर कड़ी निगरानी रखी गई।

### नौ गायकों के 30 गीतों पर अभी तक प्रतिबंध

सूबे की नायब सैनी सरकार द्वारा अभी तक करीब 9 गायकों के 30 गीतों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर इस तरह का प्रचार करने व अपराधियों को हीरो बताने वाले युवाओं पर नजर रखी जा रही है। हरियाणा में गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले युवाओं के गाने पर प्रतिबंध ही नहीं बल्कि इनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यहां पर याद दिला दें कि राज्य सरकार ने सूबे के मासूम शर्मा, गजेंद्र फोगाट, अमित सैनी, सुमित पारता, हर्ष संधू, अंकित बालियान, कुलबीर आदि के कुछ गानों को लेकर प्रतिबंध लगा दिया है।

### धुंध में हादसे रोकना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि उत्तर भारत के जिन क्षेत्रों में हर वर्ष सर्दियों के दौरान घनी धुंध पड़ती है, वहां सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे क्षेत्रों में, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अमेरिका जैसी सड़कें बनाने का वादा करने वाली केंद्र सरकार से वे मांग करती है कि वह इस दिशा में तुरंत कदम उठाए और अपनी कमिटमेंट को पूरा करें, ताकि धुंध के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। सांसद सैलजा ने कहा है कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर यात्रियों के लिए शौचालय, पेयजल, पार्किंग, विश्राम स्थलों और सुरक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की बुनियादी जिम्मेदारी है।


**सूचनाः-**

कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी व इसके अधीनस्थ आने वाले उपकेन्द्र लोहारू, तोशाम में विभिन्न ट्रेडों हेतू अप्रैन्टिस के लिए दिनांक 01.12.2025 से 02.12.2025 तक आवेदन मांगे गए है। जिनको apprenticeshipindia.org पोर्टल पर आवेदन किया जाना है। सभी आवेदन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे एवं कार्यालय में किए हुए आवेदन की छायाप्रति व दसवीं की फोटोकॉपी,, आधार कार्ड की कॉपी, जाति प्रमाण पत्र की कॉपी, आई०टी०आई० की छायाप्रति दिनांक 03.12.2025 को सुबह 09:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। उक्त आवेदनों की छायाप्रति केवल दिनांक 03.12.2025 को ही जमा करवाऐं। इससे पूर्व एवं इसके बाद किसी भी आवेदन को स्वीकृत नहीं किया जायेगा। दस्तावेजों की जांच हेतू सभी आवेदनकर्ता दिनांक 08.12.2025 को अपने मूल दस्तावेज सहित प्रातः 09:00 बजे कर्मशाला, भिवानी में पहुंचना सुनिश्चित करें।

निम्नलिखित ट्रैडः-

| | |
|---|---|
| सीट मैटल | 03 |
| टर्नर | 02 |
| पैन्टर | 01 |
| विधुतकार | 10 |
| फीटर | 06 |
| वैल्डर | 05 |
| मोटर मैकेनिक | 09 |
| डीजल मैकेनिक | 11 |
| कोपा | 01 |
| स्टैनो हिन्दी | 02 |
| कुल | 50 |

पीआरडीएच :1119/11/761/2026/40581/88/6 दि. 24.11.25 हस्ता./-महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी।


*जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने दी जानकारी*

# अब बेलदार और कैनाल गार्ड को जल्द मिलेगी अलग-अलग वर्दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। विभाग में ऑपरेशन सर्कल के साथ-साथ कर्मचारियों के पदों का भी तर्क संगत करण किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक कर्मचारी को उसके पद अनुरूप ही कार्य सौंपा जा सके। इस दिशा में ठोस प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि बेलदार और कैनाल गार्ड विभाग की रीढ़ हैं। इनमें स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करने के लिए उन्हें उनके पदों के अनुसार अलग-अलग रंग की वर्दी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे फील्ड में कार्य व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। श्रुति चौधरी आज यहां विभाग से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन, चरखीदादरी और कुरुक्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने यूनियन द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि सभी जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा।



### जल संरक्षण में अवार्ड गर्व की बात : श्रुति चौधरी

चौधरी ने कहा कि हाल ही में जल संरक्षण में हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान मिला है, जिसका श्रेय विभाग के फील्ड कर्मचारियों की निष्ठा और परिश्रम को जाता है। यूनियन के पदाधिकारियों ने श्रुति चौधरी द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने व समाधान का आश्वासन देने के लिए आभार व्यक्त किया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.34 से 1.36 कि.मी. तक पलवल अलावलपुर मोहना रोड (आईडी 3570 और 3602) पर एलसी-566 पर दो लेन आरओबी की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.11.2025 | 187.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में नर्सिंग मदर्स हेतु ट्रांसजेंडर टॉयलेट्स, चाइल्ड सेफ वॉशरूम और रेस्टिंग रूम का निर्माण। | 20.11.2025 28.11.2025 | 8.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव अमृतपुर कलां में सैनी चौपाल सहित दुदा धारी मंदिर तक फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 22.11.2025 13.12.2025 | 26.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | बोचारिया ब्लॉक अटेली नांगल - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 6 कार्य। | 21.11.2025 28.11.2025 | 322.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव अलखपुरा तोशाम में अमित एडवो. से पंचायत भूमि तक नाला का निर्माण, स्कीम डीएमएफ + 30 कार्य। | 20.11.2025 26.11.2025 | 539.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8222023668 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव मंगलोरा ब्लॉक करनाल में पूर्व-सरपंच सतबीर के मकान से सेवा पंडित के मकान तक आईएलपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 21.11.2025 02.12.2025 | 55.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 30000-106650 से जसराना माइनर की आंतरिक सफाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 16.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | पुरानी चुल्ली माइनर की सफाई + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 9.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 83000 से 124000 तक भालोट सब ब्रांच की रिमॉडलिंग / क्षमता बढ़ाना। | बंद होने की तिथि 15.12.2025 | 2877.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | रबी सीजन से पूर्व आरडी 0 से 31626 तक सिसाना माइनर की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2025 | 10.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 11 | कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा, पंचकूला | इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर-5, पंचकूला, हरियाणा में राज्य युवा महोत्सव 2025 के लिए विभिन्न व्यवस्था सेवाएं अर्थात फ्लैक्स होर्डिंग्स डेकोरेशंस साउंड सिस्टम और प्रदर्शनी स्टॉल इत्यादि का प्रावधान करने हेतु आरएफपी + 1 अन्य कार्य। | 21.11.2025 27.11.2025 | 55 लाख | https://etenders.hry.nic.in /nicgep/app | 8968068091 sdit.jda@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/220/40583/I/88/6 दि. 24.11.25

## खबर संक्षेप

### आग से सौ एकड़ पराली तथा धान की फसल जली

जींद। गांव भम्भेवा खेत में संदिग्ध हालात में लगी आग से भंडारण की गई हजारों क्विंटल पराली तथा 70 मन धान फसल जलकर राख हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने खेत मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भम्भेवा निवासी अशोक ने अपने खेत में लगभग सौ एकड़ पराली का व्यापार के उद्देश्य से भंडारण किया हुआ था।



## चीफ जस्टिस सूर्यकांत के गांव में मना जश्न

# पेटवाड़ के लाल देश की सबसे बड़ी अदालत में बैठकर करेंगे फैसले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र के गांव पेटवाड़ के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा जब राष्ट्रपति भवन में गांव के बेटे सूर्यकांत ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की शपथ ली। जब वे शपथ ले रहे थे तो गांव की मिट्टी की खुशबू राष्ट्रपति भवन में भी महक बिखेर रही थी। परिवार के अलावा गांव की सरपंच उर्मिला समेत चार ग्रामीण भी राष्ट्रपति भवन में मौजूद रहे।

### पांव छुए तो सिर गर्व से ऊंचा हो गया : भाई



बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत व डॉ.शिवकांत ने बताया कि सूर्यकांत के जो संस्कार पहले थे वही संस्कार आज भी देखने को मिले। जब शपथ लेने के बाद पांव छुए तो सिर गर्व से ऊंचा हो गया। ये संस्कार प्रदेश की मिट्टी और बुजुर्गों की पहचान को याद दिलाते हैं। उनको बड़ी जिम्मेदारी मिली है वह उसकी पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करें और ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को आगे बढ़ाने का काम करें।

### महिलाओं ने गीत गाकर खुशियां मनाई

पेटवाड़ गांव का बेटा अब देश के सबसे बड़े न्यायालय में बैठकर ऐतिहासिक फैसले करेगा। गांव में किसी त्योहार की तरह जश्न का माहौल रहा, महिलाएं गीत गाकर खुशियां मना रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे गांव में आएंगे तो उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस बात की भी खास चर्चा रही कि चीफ जस्टिस ने शपथ लेने के बाद अपनी बड़ी बहन कमला देवी, बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत व डाक्टर शिवकांत के पांव छुए। राष्ट्रपति भवन में इतना बड़ा मान सम्मान पाकर बड़ी बहन और बड़े भाई फूले नहीं समा रहे थे।

### शपथ को लेकर ग्रामीणों में दिखा उत्साह



समारोह में भाग लेने गए ग्रामीणों में दिखा उत्साह

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र नंबरदार व घनश्याम ने बताया कि आज का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक रहा। पहली बार राष्ट्रपति भवन के दर्शन हुए और अंदर जाने का मौका मिला। पूरे प्रदेश को गर्व होना चाहिए कि प्रदेश का बेटा आज नया लेकर सबसे बड़े पद पर विराजमान हो गया। गांव से और भी लोग दिल्ली पहुंचे थे जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में बैठकर शपथ ग्रहण को लाइव देखा।

### गांव पहुंचने पर होगा जोरदार स्वागत



गांव की सरपंच उर्मिला देवी ने बताया कि आज गांव का मान पूरे देश में और भी ज्यादा बढ़ गया है। गांव की मिट्टी के लाल सूर्यकांत ने अपना फर्ज अदा कर दिया। पूरे देश में गांव के नाम पर चार चांद लगा दिए हैं। अब वो ऐतिहासिक फैसले लेकर गांव की चमक को और बढ़ाने का काम करगे। पूरे गांव को इंतजार रहेगा जब भी गांव की भूमि पर कदम रखेंगे तो उनका जोरदार स्वागत होगा।




पंचकूला। फर्जी वोटिंग के खिलाफ कांग्रेस के हल्ला बोल प्रदर्शन की अगुवाई करते प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता।

### कांग्रेस का वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान

# कांग्रेस कार्यक्रम में कार्यकर्ता का हंगामा

*भाजपा का एसआईआर का फार्मूला, जनता के मताधिकार पर डाका : राव नरेंद्र सिंह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

कांग्रेस ने सोमवार को पंचकूला में "वोट चोर-गद्दी छोड़ो" अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले कांग्रेस कार्यकर्ता ने हंगामा कर दिया। जिसके बाद उसे बड़ी मुश्किल से शांत करवाया गया। वहीं प्रदर्शन से पहले ही विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई कार्यक्रम छोड़कर चले गए। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत माता मनसा देवी व कालका देवी माता को नमन और गुरु तेग बहादुर जी को याद करते हुए वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह बुलाकर की भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी जी ने पत्रकारों के समक्ष हरियाणा में हुई वोटो की धांधली को लेकर आंकड़े को तथ्यों के हिसाब से खुलासा किया था। उन्होंने कहा की भाजपा हरियाणा में वोट चोरी कर जनता के साथ धोखा कर सत्ता में आई है खुलासे में अब स्पष्ट हो चुका है कि ब्राज़ील मॉडल को भी फर्जी वोट तंत्र के माध्यम से वोटर दिखाया गया। मकान नंबर 00 के पत्ते पर कई फर्जी वोट बनाए गए। आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया की जिला पंचकूला की यदि कालका विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां पर 18876 फर्जी वोट एवं विधानसभा क्षेत्र पंचकूला में 18206 वोट फर्जी डाले गए।



करनाल। पांचों आरोपी पुलिस गिरफ्त में एवं आदित्य, जिसे गोली लगी है।

### करनाल में शादी वाले घर में घुसे बदमाश

# दूल्हे को मारी गोली, परिवार को बंधक बनाकर की लूट

*गनपॉइंट पर ज्वेलरी-कैश निकलवाया कार में लेकर भागे, पांचों गिरफ्तार*

- वारदात एसपी कैंप ऑफिस से महज 100-150 मीटर की दूरी पर
- 25 तोले ज्वेलरी और 12 लाख कैश ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल की सुभाष कॉलोनी सोमवार सुबह गोलियों और चीख–पुकार से दहल उठी, जब पांच हथियारबंद बदमाश ठेकेदार मनोज कंस्ट्रक्शन के घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाते हुए बड़ी डकैती को अंजाम देकर फरार हो गए। हालाकि पुलिस ने तीन घंटे में बदमाशों को काबू कर लिया। यह वारदात एसपी कार्यालय से मात्र सौ–डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर हुई, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए। बदमाश पैंतालीस मिनट तक घर में घूमते रहे, महिलाओं से गहने उतरवाए, अलमारी से करीब 25 तोले ज्वेलरी और 12 लाख की नकदी और शादी के लिए रखे अन्स समान लूटे तथा विरोध करने पर दूल्हे आदित्य को गोली मार दी। दस दिन बाद होने वाली शादी की खुशियां अचानक मातम और दहशत में बदल गईं।

### पकड़े गए आरोपी लुधियाना के

पकड़े गए पांचों आरोपी पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। इनकी पहचान ताजगंज निवासी राजीव उर्फ राजा, शिवपुरी निवासी दीपक उर्फ हैरी, बटाला रोड के प्रिंस, अमृतपाल और शिमलापुरी निवासी अभिषेक के रूप में हुई है।



# भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कर कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून अवधि में पांच तिमाहियों में सबसे तेज 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि अनुमानों के आधिकारिक आंकड़े 28 नवंबर को जारी होने वाले हैं।

## ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी एसएंडपी ने जताया अनुमान

### घरेलू वृद्धि मजबूत बनी हुई

एसएंडपी ने अपनी 'इकोनॉमिक आउटलुक एशिया-पैसिफिक रिपोर्ट' में कहा, ''हमारा अनुमान है कि भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को समाप्त) में 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जिसमें जोखिम दोनों ओर संतुलित होंगे। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बावजूद मजबूत खपत से प्रेरित घरेलू वृद्धि मजबूत बना हुई है।''




### आरबीआई 6.8 फीसदी का अनुमान जता चुका

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो गत वित्त वर्ष 2024-25 की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से बेहतर है। एसएंडपी ने कहा, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी।

### उपभोग वृद्धि बड़ा चालक बन सकता है

इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आयकर छूट को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग को एक लाख करोड़ रुपये की कर राहत मिली है। आरबीआई ने जून में प्रमुख नीतिगत दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती करके उन्हें तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर ला दिया था। वहीं, 22 सितंबर से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटा दी गईं जिससे दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हो गई हैं।

## खबर संक्षेप



### पैसालो डिजिटल ने खुले बाजार से बढ़ाई हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड के प्रवर्तक समूह का हिस्सा इक्विलिब्रेटेड वेंचर ने पिछले सप्ताह खुले बाजार लेनदेन के जरिये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के लगभग 54 लाख शेयर खरीदे हैं।

शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार इकाई ने 19 नवंबर को पैसालो डिजिटल के 1.4 लाख शेयर, 18 नवंबर को 8.37 लाख शेयर और 13 नवंबर को 43.94 लाख शेयर खरीदे। इस खरीद के साथ इक्विलिब्रेटेड की कुल शेयरधारिता जुलाई-सितंबर तिमाही के 19.94 प्रतिशत से बढ़कर 20.53 प्रतिशत हो गई।

यह खरीद कंपनी में प्रवर्तक स्वामित्व में वृद्धि की भी पुष्टि करती है। पैसालो के वर्तमान में 1.14 लाख से अधिक शेयरधारक हैं।

### सोना 700 रुपए टूटा चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** रुपये में मजबूती और कमजोर वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये घटकर 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।



बाजार के लोगों ने यह जानकारी दी है। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, 99.5 शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये घटकर 1,24,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी भी लगातार तीसरे दिन बिकवाली के दबाव में रही, और 1,000 रुपये टूटकर 1,55,000 रुपये प्रति किलो रह गई। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच बैंकों और आयातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से रुपया 50 पैसे की तेज बढ़त के साथ 89.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## 'एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट' विषय पर कहा

# होटल, रेस्तरां सीधे किसान उत्पादक संगठनों से उपज खरीदें: कृषि सचिव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को होटल और रेस्तरां से किसानों की उपज सीधे किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से खरीदने का आग्रह किया ताकि आपूर्ति श्रृंखला से बिचौलियों को हटाकर उत्पादकों के लिए बेहतर लाभ प्राप्त किया जा सके।

- पर्यटकों और लोगों को भोजन का बेहतर अनुभव मिल पाएगा

सचिव ने होटल उद्योग से पर्यटकों और लोगों के भोजन के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) वाले खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चतुर्वेदी ने फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के एक कार्यक्रम में कहा, ''देशभर में बड़ी संख्या में होटल और रेस्तरां हैं। अगर आप स्थानीय कृषक समुदाय के साथ साझेदारी करके प्रामाणिक भोजन, सब्जियां, मसाले और अन्य चीजें खरीदते हैं, तो यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होगा।''

**खास बातें**

- आपूर्ति श्रृंखला से बिचौलियों को हटाकर उत्पादकों को बेहतर लाभ दिया जा सके
- जीआई वाले खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने का भी किया आह्वान



### मंत्रालय वेब आधारित मंच शुरू करने की योजना बना रहा

सचिव ने कृषि मंत्रालय और होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया (एचआरएएनआई) के सहयोग से 'एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट' विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि देशभर में लगभग 35,000 एफपीओ हैं, जिनमें से 10,000 सरकारी योजनाओं के तहत स्थापित हैं। मंत्रालय एक वेब-आधारित मंच शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके तहत एफपीओ अपनी अतिरिक्त उपज को व्यवसायों, होटलों और रेस्टरां द्वारा सीधी खरीद के लिए पंजीकृत कर सकते हैं।

### कृषि का जीडीपी में 18 फीसदी का योगदान

चतुर्वेदी ने कहा, ''वे (होटल और रेस्तरां श्रृंखला) वैसे भी स्थानीय मंडियों से फल, सब्जियां, मसाले और अनाज खरीद रहे हैं। हम उनसे अनुरोध कर रहे हैं कि वे सीधे संबंधित किसानों से जुड़े एफपीओ से खरीद शुरू करें।'' उन्होंने कहा कि कृषि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18 प्रतिशत का योगदान देती है और 46 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है। यह कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच आय असमानता को उजागर करता है।

### कृषि क्षेत्र दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा

सचिव ने कहा कि कृषि क्षेत्र दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा है। पहली चुनौती जोत का छोटा आकार है जो बड़े पैमाने पर उत्पादन और मोल-जोल की शक्ति को सीमित करती है। दूसरी चुनौती, किसानों की उगाई फसलों के भाव और उसकी खुदरा कीमतों के बीच एक बड़ा अंतर का होना है। उन्होंने कहा कि कृषक समुदायों के साथ सीधी साझेदारी मूल्य में इस अंतर को पाटने में मदद कर सकती है।

### जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ी

चतुर्वेदी ने कहा कि कीटनाशक-मुक्त और जैविक खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। जैविक या प्राकृतिक उत्पाद उत्पादित करने वाले किसान समूह प्रमाणित जैविक खरीद के लिए होटल और रेस्तरां के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। उन्होंने भौगोलिक संकेत वाले उत्पादों के बारे में कहा कि भारत में बासमती चावल के अलावा कई पंजीकृत खाद्य उत्पाद हैं, जिनमें खाद्यान्न, सब्जियां, फल और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

# पीएसयू बैंकों की आवास ऋण में हिस्सेदारी बढ़ी

एजेंसी ▸▸ मुंबई




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सितंबर में प्रतिस्पर्धी आवास ऋण बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ायी है। कुल मूल ऋण में बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गयी है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। क्रेडिट सूचना कंपनी क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी बैंकों ने आवास ऋण बाजार में निजी क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल आवास ऋण में से लगभग 40 प्रतिशत 75 लाख रुपये से अधिक के कर्ज थे। इसमें कहा गया है कि आवास ऋण बाजार, सितंबर के अंत तक सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 42.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल उपभोग ऋण 15.3 प्रतिशत बढ़कर 109.6 लाख करोड़ रुपये हो गया। स्वर्ण खंड में तेज वृद्धि के कारण इस श्रेणी में कर्ज बढ़ा है। कंपनी के चेयरमैन सचिन सेठ ने कहा, ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मूल्य और पहुंच दोनों में अपने बाजार नेतृत्व का विस्तार किया है। और नियामक अनुशासन विभिन्न भौगोलिक और जनसंख्या क्षेत्रों में अधिक जिम्मेदार और व्यापक वित्तीय समावेश को प्रोत्साहित कर रहा है।''

- क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के अनुसार हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत

### सालाना आधार पर वृद्धि धीमी रही

हालांकि, क्रिफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'मांग में नरमी और मौसमी कारकों' के कारण उपभोक्ता टिकाऊ वस्तु श्रेणी में सालाना आधार पर वृद्धि धीमी होकर 10.2 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार, परिसंपत्ति गुणवत्ता के दृष्टिकोण से, 31-180 दिनों के बीच बकाया उपभोग ऋणों के अनुपात में सुधार हुआ है और यह सितंबर में तीन प्रतिशत हो गया, जो जून में 3.1 प्रतिशत और एक साल पहले की समान अवधि में 3.3 प्रतिशत था।

### अदाणी समूह ने पहली छमाही में किया रिकॉर्ड प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में मजबूत प्रदर्शन किया है। समूह ने बयान में कहा कि उसने पहली छमाही में 67,870 करोड़ रुपये (7.6 अरब अमेरिकी डॉलर) का निवेश किया जिससे उसकी सकल परिसंपत्तियां 6.77 लाख करोड़ रुपये (76 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गईं। वह 1.5 लाख करोड़ रुपये के अपने पूरे साल के पूंजीगत व्यय के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अदाणी समूह की पिछले 12 महीने की कर पूर्व आय (एबिटा) 92,943 करोड़ रुपये (10.4 अरब अमेरिकी डॉलर) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई जो सालाना आधार पर 11.2 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कर पूर्व आय 47,375 करोड़ रुपये रही जिसमें 83 प्रतिशत योगदान समूह की प्रमुख यूटिलिटी इकाइयों, परिवहन एवं बुनियादी ढांचा परिचालन का रहा। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल बढ़कर 15.1 प्रतिशत हो गया जो बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।

### सोनालीका ट्रैक्टर ने शुरू की खेती में नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित भारत के प्रीमियर एग्री समिट 16वें एग्रोविजन 2025 में देश की हरित और लाभदायक कृषि हेतु एक बड़ी पहल की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में, सोनालीका ने अपना नया सीएनजी/सीबीजी ईंधन द्वारा संचालित ट्रैक्टर पेश किया है। यह ऐतिहासिक पेशकश भारत सरकार के सतत और गोबरधन कार्यक्रमों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है, जिनका उद्देश्य देश के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थिति को मज़बूत करना है। इस नए अनावरण के साथ, सोनालीका ने



भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत किया है। सोनालीका का बिल्कुल नया सीएॅनजी /सीबीजी ट्रैक्टर विशेष रूप से हैवी-ड्यूटी ढुलाई के लिए डिज़ाइन किया गया है, जहाँ टॉर्क, विश्वसनीयता और ईंधन दक्षता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ईनीलामीलीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं–:

| क्र0 | नीलामी केटलाग सं0 | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-14-2025 (08लॉट) | 04.12.2025/12:00 | 04.12.2025/13:50 |
| क्र0 | ट्रेन सं0 | से–तक | कम्पार्टमेंट |
| 1 | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2 | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3 | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4 | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5 | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6 | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |
| 7 | 22686 | CDG-YPR | FSLR-I |
| 8 | 12232 | CDG-LKO | RSLR-I |

| क्र0 | नीलामी केटलाग सं0 | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-14A-2025 (03 लॉट) | 06.12.2025/12:00 | 06.12.2025/12:50 |
| क्र0 | ट्रेन सं0 | से–तक | कम्पार्टमेंट |
| 1 | 15012 | CDG-LJN | FSLR-I |
| 2 | 15012 | CDG-LJN | RSLR-I |
| 3 | 14242 | SRE-PYGS | RSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।
3643/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सतर्क निवेशकों की अंतिम समय में बिकवाली और किसी ठोस संकेतक के अभाव में सेंसेक्स 331 अंक गिर गया जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के नीचे आ गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,000 के नीचे 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 521.81 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,959.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, सोमवार को बाजार आखिरी आधे घंटे में बिकवाली के कारण




गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी सूचकांक 26,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर नहीं टिक सका। अमेरिका-भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी जैसी चीजों को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।''

नायर ने कहा, ''आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली से कुछ समर्थन मिला। अच्छी बात यह है कि दिसंबर में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीद और अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में गिरावट के जोखिम के बीच वैश्विक बाजार में उम्मीद बनी हुई है।''

**चीन व हांगकांग के बाजार में रही तेजी**

एशिया के अन्य बाजारों में, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में रहे।

### रबी बुवाई का रकबा पिछले साल से ज्यादा होगा

**नई दिल्ली।** कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि सरकार को उम्मीद है कि गेहूं जैसी रबी (सर्दियों) फसलों का कुल रकबा पिछले साल के 655.88 लाख हेक्टेयर से कहीं ज्यादा होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''रबी की बुवाई पिछले साल के मुकाबले ज्यादा

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | विकास कार्य बार एसोसिएशन महम + 3 कार्य। | 21.11.2025<br>27.11.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958<br>seo-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40601/1/88/6 दि. 24.11.25

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6058




**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6057 का हल**





## देशभर में एसआईआर में मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग बोला

# 12 राज्यों में रफ्तार तेज, 99% से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए

### ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी

चुनाव आयोग के अनुसार 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम जारी है। इसे लेकर सभी राज्यों में विपक्षी दलों ने बवाल मचाया हुआ है। भारतीय चुनाव आयोग ने सोमवार को जानकारी दी कि लगभग 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार, गोवा और लक्षद्वीप में गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले हुआ है। अभी अंडमान और निकोबार में 99.98 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 99.83 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 99.75 प्रतिशत और गुजरात में 99.69 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे गए हैं। रविवार के मुकाबले पश्चिम बंगाल व अंडमान और निकोबार के आंकड़ों में कोई फेरबदल नहीं दिखा है। चुनाव आयोग प्रतिदिन एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी करता रहा है। जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है, उनमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले गोवा और लक्षद्वीप में हुआ

अंडमान-निकोबार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात में बढ़ी काम की गति

### यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा


भारतीय चुनाव आयोग

नए आंकड़ों के अनुसार, मतदाता संख्या के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हुआ है, जहां कुल मतदाता 15.44 करोड़ से अधिक हैं। पुडुचेरी में 95.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 96.22 प्रतिशत और केरल में 97.33 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटने का काम हुआ है।

### 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड

चुनाव आयोग के अनुसार, 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है और 12 राज्यों में अब तक 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म को अपलोड किया गया है।

### बीएलओ ने बंगाल सीईओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया



पश्चिम बंगाल में शामिल बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने काम के कथित तौर पर अत्यधिक दबाव के विरोध में प्रदर्शन के दौरान यहां सीईओ कार्यालय में घुसने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की। बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने उत्तरी कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से जुलूस निकाला, नारे लगाए तथा ताले और बेड़ियां लेकर प्रतीकात्मक रूप से उस भवन के मुख्य द्वार को बंद किया गया।

### चेन्नई में एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

विदुथलाई सिरुथैगल काची (वीसीके) ने एसआईआर के खिलाफ चन्नई में प्रदर्शन किया। वीसीके प्रमुख थोल तिरुमावलवन ने ईसीआई और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि यह भाजपा की सुनियोजित चाल है, जिसके जरिए दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को निशाना बनाकर उनके नाम हटाने की कोशिश की जा रही है।

### बीएलओ नाम पूछे तो बंद करो: मंत्री अंसारी

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एसआईआर के मसले पर एक सभा में कहते नजर आ रहे हैं कि यदि कोई बूथ लेवल



अधिकारी यानी बीएलओ आपके इलाके में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट से नाम काटने के लिए आए तो उसे घर में बंद कर दें। इस पर भाजपा ने पलटवार किया है तो चुनाव आयोग ने भी झारखंड सरकार से रिपोर्ट तलब की है।

191 फीट ऊंचे ध्वज फहराने के साथ मंदिर निर्माण के पूरा होने की घोषणा हो जाएगी

# अयोध्या राम मंदिर पर प्रधानमंत्री मोदी आज फहराएंगे धर्म ध्वजा

## अयोध्या को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को अयोध्या में राम मंदिर पर 190 फीट ऊंची धर्म ध्वजा फहराएंगे। कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। पीएम मोदी का अयोध्या में रोडशो होगा, जहां 5000 महिलाएं थाली-आरती से उनका स्वागत करेंगी। इस कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करने वाले 100 दानदाताओं को निमंत्रित किया गया है। अयोध्या में मंगलवार को होने वाले राम मंदिर के ध्वजारोहण के लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित राम मंदिर पर धर्म ध्वजा फहराएंगे। इस भव्य कार्यक्रम के लिए पूरी अयोध्या को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंगलवार को राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज फहराने के साथ मंदिर निर्माण के पूरा होने की घोषणा हो जाएगी। कार्यक्रम में बडी तादाद में संत महात्मा शामिल होंगे। हालांकि इस कार्यक्रम में शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। इसके आलावा अयोध्या के ज्यादा से ज्यादा संत महात्मा यहां पर मौजूद रहेंगे।

### मुहूर्त 11:58 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक



इसके पहले रविवार को राम मंदिर में ध्वजारोहण को लेकर यज्ञशाला में विविध अनुष्ठान किये गए और ध्वजों के आरोहण से पहले पूजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार 42 फुट लम्बे और 501 किग्रा वजन वाले धर्म ध्वज स्तम्भ को मशीन के माध्यम से 191 फीट की ऊंचाई पर लगाया जाएगा। अयोध्या में ध्वजारोहण का मुहूर्त 11:58 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक है। ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को भगवान श्री राम की विवाह पंचमी के मौके पर उपवास रखेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने उपवास रखा था। ध्वजारोहण कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होगा। अयोध्या के साकेत महाविद्यालय हेलीपैड से राम मंदिर तक करीब एक किलोमीटर लंबे रामपथ पर उनका रोड शो निकलेगा। पीएम मोदी के रोड शो में विभिन्न स्वयं-सहायता समूहों की करीब 5 हजार महिलाएं पारंपरिक थाली-आरती लेकर प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगी।

तैयारी जोरों पर

### एटीएस व एनएसजी कमांडों ने सुरक्षा संभाल ली

जानकारी के अनुसार इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में सामाजिक समरसता को दर्शाने के उद्देश्य से समाज के विभिन्न वर्गों से साधु-सन्यासियों को भी ध्वजारोहण समारोह में शामिल कराने की तैयारी है। कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार की रात से ही अयोध्या की ओर भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। राम मंदिर के निर्माण व प्रबंधन को देखने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपील की है कि मंगलवार को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए न आएं बल्कि टीवी पर ही कार्यक्रम देखें। ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते 24 की रात से आम श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक 26 नवंबर तक जारी रहेगी। इस दौरान कार्क्रम में शामिल श्रद्धालुओं के लिए 26 व 27 नवम्बर को विशेष तौर पर दर्शन का कार्यक्रम बनाया गया है। रविवार को ही एटीएस व एनएसजी के कमांडों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा संभाल ली है।

### राबड़ी ने सीबीआई, ईडी मामलों को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने अपने खिलाफ दर्ज सीबीआई और ईडी के मामलों को किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की और कहा कि उन्हें आशंका है कि "निष्पक्ष न्याय" नहीं मिलेगा। राबड़ी देवी को चार मामलों में आरोपी बनाया गया है जिनमें नौकरी के बदले जमीन और आईआरसीटीसी घोटाला मामला शामिल हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष दायर की गयी याचिका में कहा गया है, "आवेदक (देवी) को यह आशंका है कि विशेष न्यायाधीश द्वारा निष्पक्ष न्याय नहीं किया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:-6HFAD3D2 जो रामकुमार पुत्र जसवन्त के नाम दर्ज है। इस प्रॉपर्टी को ममता विधवा पत्नी विजय अपने नाम दर्ज करवाना चाहती है। रामकुमार पुत्र जसवन्त की मृत्यु दिनांक 09.11.2023 को हो चूकी है। 1. सन्तोष 2. सोनिया 3. गीता 4. मन्जू पुत्रीयान व श्रीमति ममता विधवा व कंवरपाल पुत्र वंशिका पुत्री स्व. विजय पुत्र रामकुमार निवासी बवानी खेडा वारसान तसदीक के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 31.01.2025 की वारसान तसदीक अनुसार 1. सन्तोष 2. सोनिया 3. गीता 4. मन्जू पुत्रीयान व श्रीमति ममता विधवा व कंवरपाल पुत्र वंशिका पुत्री स्व. विजय पुत्र रामकुमार वारिस हैं। इस प्रॉपर्टी को ममता पत्नी विजय के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा/आपति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर अपना दावा/आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवें अन्यथा मियाद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता./-सचिव
नगरपालिका, बवानीखेडा।

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-TENDER NOTICE"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Labour contract for loading of sugarcane into trucks at out cane purchasing centre. | 2025_HBC_485133_1 |
| 2. | To Engage service provider under supply of manpower. | 2025_HBC_485145_1 |
| 3. | Contract of Sugar Bag Handling | 2025_HBC_485152_1 |
| 4. | Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL-specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m. | 2025_HBC_485155_1 |
| 5. | Purchase of Fire side Chemical (Abhitech Make) | 2025_HBC_485160_1 |

All the terrders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 28.11.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 28.11.2025 at 11:00 A.M. and the negotiation will be held on 28.11.2025 at 11:30 AM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/- Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat**

‘वोट दो, फंड मिलेगा’ वाले विवादित बयान पर डिप्टी सीएम पवार की दो टूक

# मैं किसी का ऋणी नहीं, दशकों से लगते रहे हैं आरोप, सार्वजनिक जीवन में भूल होना संभव

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने ‘वोट दो, फंड मिलेगा’ वाले विवादित बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन पर पिछले पैंतीस वर्षों में तरह-तरह के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन उन पर ‘किसी का कोई कर्ज नहीं’ हैं। परभणी जिले के जिंतुर में दो दिसंबर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया उनकी हर बात पर कड़ी नजर रखता है और किसी भी मुद्दे को तुरंत उनसे जोड़ देता है। वह आचार संहिता का सम्मान करते हैं और सार्वजनिक कामकाज में कभी–कभी भूल हो सकती है।


डिप्टी सीएम अजित पवार

### आचार संहिता का सम्मान

डिप्टी सीएम ने कहा कि मैं आचार संहिता को समझता हूं और इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। अनेक आरोपों के बावजूद मैं जानता हूं कि मैं किसी का ऋणी नहीं हूं। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कुछ गैर–सरकारी समूह मतदाताओं के घर जाकर निजी जानकारी मांग रहे हैं।

### चव्हाण के कारण टूटा गठबंधन

शिवसेना विधायक नीलेश राणे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को सिंधुदुर्ग में होने वाले नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले महायुति गठबंधन टूटने का दोषी ठहराया है। नीलेश राणे ने सिंधुदुर्ग नव गठित शहर विकास आघाडी के प्रचार अभियान के दौरान कहा कि गठबंधन भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के कारण नहीं, बल्कि चव्हाण के कारण टूटा है। राणे और चव्हाण के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

## एक बड़ा भूमिगत सुरंग नेटवर्क बना रहे, मुंबई शहर होगा कवर

**मुंबई(भाषा)।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार मुंबई में ट्रैफिक जाम और भीड़ की समस्या को कम करने के लिए एक बड़ा भूमिगत सुरंग नेटवर्क बना रही है। इसे उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में पाताल लोक यानी समानांतर सड़क व्यवस्था बताया। फडणवीस ने इसी शब्द का इस्तेमाल प्रस्तावित भूमिगत सड़क नेटवर्क को समझाने के लिए किया। आईआईएमयूएन (इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस) के यूथ कनेक्ट सत्र में उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सुरंगों का जाल कई दिशाओं में फैला होगा और पूरे शहर को कवर करेगा। यहां वाहन की औसत गति 80 किमी प्रति घंटे होगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व-पश्चिम के बीच की कनेक्टिविटी सुधरेगी। बोरीवली और गोरेगांव के बीच समानांतर सड़क और अगले वर्ष तक तैयार होने वाला वर्ली-शिवड़ी कनेक्टर अटल सेतु से बांद्रा-वर्ली सी लिंक तक बिना रुकावट की यात्रा सुनिश्चित करेगा। उअटल सेतु से गिरगांव चौपाटी तक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के रास्ते में बनने वाली सुरंग तीन वर्षों में पूरी हो जाएगी। यह मौजूदा ट्रैफिक जाम का समाधान होगी।



**मुंबई वन एप लॉन्च:** सीएम ने बताया कि मुंबई वन नाम की एकीकृत एप लॉन्च की गई है, जो मेट्रो ट्रेन, उपनगरीय लोकल ट्रेन और बेस्ट बसों के लिए एक ही टिकट की सुविधा देगा। उन्होंने कहा कि करीब 90 लाख लोग रोजाना उपनगरीय ट्रेनों से यात्रा करते हैं। इतने बदलावों के बावजूद दूसरी श्रेणी का किराया एक रुपए भी नहीं बढ़ाया जाएगा और सभी लोकल सेवाओं को धीरे-धीरे एयर-कंडीशन्ड बनाया जाएगा।

कर्नाटक में सीएम के लिए रस्साकशी

# शिवकुमार के लिए विधायकों का एक समूह दिल्ली पहुंचा

कुछ और विधायक भी जाएंगे दिल्ली


डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार व सीएम सिद्धारमैया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में कांग्रेस के अंदर सीएम पद को लेकर चल रही रस्साकशी अब नई दिल्ली तक पहुंच गई है। इसी क्रम में चर्चा ज्यादा तेज तब हो गई जब कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थन में एक और विधायकों का समूह रविवार रात नई दिल्ली पहुंचा। इस दल में कम से कम छह विधायक शामिल है। नई दिल्ली पहुंचे विधायकों में एचसी बालकृष्णा (मगड़ी), केएम उदय (मद्दुर), नयना मोतम्मा (मुडिगेरे), इकबाल हुसैन (रमणगर), शरथ बचेगौड़ (होसकोटे) और शिवगंगा बसवराज (चनागिरी) शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ और विधायक भी जल्द दिल्ली जा सकते हैं।

### पावर शेयरिंग की हो रही चर्चा

बता दें कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने 20 नवंबर को अपने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा किया। इसी बीच, सीएम सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित ‘पावर शेयरिंग’ समझौते की बातें भी सामने आई हैं। ऐसे में चर्चा तेज हो गई कि क्या अब डीके शिवकुमार को अगले ढाई साल के लिए सीएम पद दिया जा सकता है। पिछले हफ्ते भी लगभग दस विधायक शिवकुमार के समर्थन में दिल्ली गए थे और खरगे से मिले थे। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि नेतृत्व पर अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान पर निर्भर करता है।

### पार्टी में कोई बगावत नहीं: मंत्री केके जॉर्ज

सिद्धरमैया के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ मंत्री केजे जॉर्ज ने शिवकुमार के साथ हाल ही में देर रात हुई बैठक को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उस समय केवल सरकारी विषयों और आगामी बेंगलुरु निगम चुनाव पर चर्चा की गई थी। जॉर्ज ने मैंने शिवकुमार के साथ सरकारी मामलों और आगामी बेंगलुरु निगम चुनाव पर चर्चा की है। एआईसीसी ने मुझे (नेतृत्व के मुद्दों पर) चर्चा करने की कोई जिम्मेदारी नहीं दी है। पार्टी में कोई बगावत नहीं है।

## वायु प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन, 15 गिरफ्तार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर इंडिया गेट पर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के अलावा उसके कर्मियों के काम में बाधा डालने और उन पर हमला करने के आरोप में कम से कम 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। अधिकारी ने बताया कि रविवार को प्रदर्शन स्थल पर स्थिति तब बिगड़ गई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने घटनास्थल से हटाए जाने के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने कहा कि स्थिति हाथापाई में बदल गई और कुछ प्रदर्शनकारियों ने हमारे कर्मियों पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया, जो असामान्य और दुर्लभ कार्रवाई है।

### इंडिया गेट निर्धारित विरोध स्थल नहीं

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इंडिया गेट कोई निर्धारित विरोध स्थल नहीं है। प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा गया था। जंतर-मंतर निर्धारित विरोध स्थल है और कोई भी अनुमति लेकर वहां प्रदर्शन कर सकता है। रविवार को प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड लांघकर सी-हेक्सगन को जाम कर दिया था।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103
**शाखा कार्यालय :** एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुषमा (कर्जदार), अंकित सौनक (सह-कर्जदार), LHPNP00001348447. | एनए, खेवट नं. 155, खसरा नं. 100/17, पानीपत, हरियाणा। सीमाएं :- उत्तर : वर्णित नहीं, दक्षिण : वर्णित नहीं, पूर्व : वर्णित नहीं, पश्चिम : वर्णित नहीं। / कब्जे की तिथि 20 नवम्बर 2025. | 12-05-2022 रु. 3,38,683/- | पानीपत |
| 2. | मुकेश शर्मा (कर्जदार), प्रीति शर्मा (सह-कर्जदार), NHHIS00001296783. | प्लॉट नं. 17ए राजिन्दर एंक्लेव दिल्ली रोड, हिसार-125001 (संदर्भ एलएएन नं. NHHIS00001296783). सीमाएं :- उत्तर : सुभाष चन्द्र की सम्पत्ति, दक्षिण : गली, पूर्व : नरेश पुत्र घनश्याम की सम्पत्ति, पश्चिम : गली। / कब्जे की तिथि 21 नवम्बर 2025. | 08-07-2022 रु. 20,85,441/- | हिसार |
| 3. | मृतक स्व. श्री सतनारायण गुप्ता पुत्र पतराम दास (कर्जदार) के अन्य कानूनी वारिस, विनोद कुमार पुत्र स्व. श्री सतनारायण गुप्ता जो सह-आवेदक और कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), विमल गुप्ता पत्नी विनोद गुप्ता (सह-कर्जदार), मै. सतनारायण गुप्ता कांट्रेक्टर (सह-कर्जदार), प्रीति गुप्ता पत्नी प्रवीन गुप्ता (सह-कर्जदार), प्रवीन गुप्ता पुत्र स्व. श्री सतनारायण गुप्ता जो सह-आवेदक और कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), LHHIS00001262477 | दस्तावेज नं. 478 दिनांक 24.04.2009 के अनुरूप सतनारायण गुप्ता के पक्ष में पी.सी. चावला द्वारा निष्पादित हिसार पिन कोड-125001 में स्थित मकान नं. 1138-पी, सेक्टर 16 - 17 वाली सम्पत्ति, माप 404.72 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से / कब्जे की तिथि 21 नवम्बर 2025. | 04-07-2025 रु. 62,71,799/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 25 नवम्बर 2025**
**स्थान : पानीपत, हिसार**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा
फोनः 91–124–352–7369 | फैक्सः 91–124–352–7337 | ईमेलः crm.met@ril.com
CIN: U70109HR2006PLC036416

**सार्वजनिक सूचना**

**MET City, जिला झज्जर, हरियाणा में रिहायशी प्लाटों के आवंटन के निरस्तीकरण होने बारे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड ("कम्पनी"), ने निम्नलिखित व्यक्तियों ("पूर्व आवंटी") के पक्ष में मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप ("MET City"), जोकि राज्य राजमार्ग नं. 15–ए, जिला झज्जर, हरियाणा में, कम्पनी द्वारा विकसित की जा रही है, रिहायशी प्लाटों के आवंटन हेतु इकरारनामा बैय निष्पादित किए थे जोकि सब–रजिस्ट्रार, तहसील बादली, जिला झज्जर के कार्यालय में पंजीकृत करवाए गए थे :–

| क्रमांक | प्लाट विवरण | पूर्व आवंटी | इकरारनामा बैय निष्पादन तिथि | आवंटन निरस्तीकरण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A-137, Street no. Cross-3, Sector 2A | नीरज राय, गौरव यादव एवं प्रदीप भल्ला | 18.01.2024 | 06.12.2024 |
| 2 | B-214, Street no. Cross-3, Sector 2A | विजय भार्गव | 30.04.2024 | 12.09.2025 |
| 3 | D-158, Street no. Cross-3, Pocket – C&D, Sector 8 | मोनू शर्मा एवं धर्मवीर | 06.10.2023 | 08.09.2025 |
| 4 | E-163, Street no. Cross-2, Pocket-E, Sector 8 | विकास कुमार गुप्ता एवं अर्पित जैन | 18.04.2024 | 13.10.2025 |

यह कि उपरोक्त प्लाटों का आवंटन, इकरारनामा बैय की शर्तों का निरंतर उल्लंघन करने एवं देय किश्तों का बार – बार अनुरोध करने, रिमाइन्डर एवं नोटिस भेजने के बाद भी भुगतान नहीं करने के कारण निरस्त किया गया है।

इकरारनामा बैय की शर्तों के अनुसार, प्लाट का आवंटन निरस्त होने उपरान्त एवं इकरारनामा बैय के निरस्त होने उपरान्त, उपरोक्त पूर्व आवंटी का प्लाट अथवा उपरोक्त इकरारनामा बैय में किसी तरह का हक, हकूक या अधिकार शेष नहीं रह गया है, एवं कम्पनी अब उपरोक्त वर्णित प्लाटों को किसी भी तरह से डील करने, किसी अन्य व्यक्ति को बेचने, अलाट करने, ट्रांसफर करने, तीसरे पक्ष के अधिकार सृजन करने, और/या जैसे भी उचित समझें, प्लाट का निपटान करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है।

प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एवं हिदायत दी जाती है कि उक्त पूर्व आवंटी के साथ उक्त प्लाटों से सम्बंधित किसी भी प्रकार का कोई लेन–देन अथवा एग्रीमैंट नहीं करें और यदि करता है तो वह कम्पनी पर बाध्यकारी नहीं होगा।

www.modeleconomictownship.com

चिंतन

# महिलाओं ने तीन विश्व कप जीतकर लिखा नया अध्याय

आज हम 21वीं सदी में है। कभी वो समय था, जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक ही सिमित रखा जाता था। यहां तक की अनेक देशों में तो उन्हें वोट देने तक का अधिकार नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में महिलाएं कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे जितने अच्छे से घर, परिवार और माता -पिता को संभालती हैं, उतने ही अच्छे से हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं। बड़ी कंपनी में भी दायित्व निभा रही हैं। यहां तक कि देश की रक्षा में भी उनका अहम योगदान है। उन्होंने अपनी योग्यता का चौतरफा लोहा मनवा लिया है। चांद पर जाने वाली भी महिला है और घर संभालने वाली भी। इसी कड़ी में क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद देश को महिलाओं ने एक बार फिर गर्व का मौका दिया है। अब उन्होंने कबड्डी में दुनियाभर में धाक जमाते हुए वर्ल्ड कप जीत लिया है। बांग्लादेश के ढाका में 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी जोरदार रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा और कप अपने नाम कर लिया। भारत की बेटियां अपने दम पर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर इन बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद अब भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है। हमारी सोच चाहे कैसी भी रही हो, सच तो यही है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर या उनसे आगे हैं, भले ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़े। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और बुद्धिमत्ता से पुरुषों को मात दे रही हैं। इतना सब होने के बावजूद आज भी हमारे समाज में दहेज के लिए हत्या, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुरीतियां भी हैं। जिन पर पार पाना अभी शेष है। ऐसे लोग भी हैं जो इतना सब होने के बाद भी महिलाओं को दोयम दर्जे का समझते हैं और उन्हें किसी तरह के अधिकार देने को तैयार नहीं। अगर हम ऐसी मानसिकता से निपटने में कामयाब रहे तो तय है कि ये आधी आबादी न केवल देश को ज्यादा गौरवान्वित करेगी बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी।



प्रेरणा
नायब सिंह सैनी

हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वीं शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया। सरकार ने संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना शुरू की, जिसके अंतर्गत श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी, बाबा बंदासिंह बहादुर जी, धन्ना भगत जी, संत कबीर जी, संत नामदेव जी और संत रविदास जी सहित अन्य महान संतों के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम किए जाते हैं।

# धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षक गुरु तेग बहादुर

भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर में यदि किसी एक व्यक्तित्व की उपस्थिति सदियों से अडिग, उज्ज्वल और अमर रही है, तो वे हैं श्री गुरु तेग बहादुर जी, जो पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता के सच्चे रक्षक, अत्याचार के विरुद्ध अदम्य साहस के प्रतीक और धार्मिक स्वतंत्रता के महान संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं। उनका बलिदान केवल एक समुदाय या क्षेत्र के लिए नहीं था, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए था। एक ऐसा बलिदान, जिसने भारत की आध्यात्मिक आत्मा को सुरक्षित रखा और "वसुधैव कुटुम्बकम" के सिद्धांत को जीवंत किया।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के बचपन का नाम त्याग मल था। वे छठे पातशाह श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी व माता नानकी जी की संतान थे। उनका जन्म 1 अप्रैल 1621 ई. को अमृतसर में हुआ। वहां आज गुरुद्वारा 'गुरु के महल' के नाम से सुशोभित है।

गुरु जी के जन्म के समय, हिन्दुस्तान पर मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन था। वह पूरे भारतवर्ष का इस्लामीकरण करना चाहता था। भारत में उस समय बहुतायत, सनातन को मानने वालों की थी। औरंगजेब के धर्म परिवर्तन के लिए किए जा रहे अत्याचार से सताए हुए तत्कालीन हिंदू नेता पंडित कृपा राम जी ने कश्मीर से अपने साथियों के साथ श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) में गुरु तेग बहादुर जी के पास पहुंच कर किए जा रहे जुल्म को रोकने तथा धर्म की रक्षा करने की विनती की।

गुरु जी ने उनकी फरियाद सुनकर कहा कि ऐसे अत्याचारों को रोकने के लिए किसी महापुरुष को बलिदान देना होगा। उस समय बालक गोबिंद राय ने पूरी वार्ता सुनकर, अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी से कहा कि, आप जी से बड़ा कोई महापुरुष नहीं हैं। इसलिए बलिदान आपको ही देना चाहिए। यह सुनकर, गुरु जी ने अन्तर्मुग्ध होते हुए, आए फरियादियों से कहा कि जाओ, औरंगजेब को कह दो, कि यदि गुरु तेग बहादुर जी धर्म परिवर्तन कर लेंगे तो पूरा भारतवर्ष ही, इस्लाम कबूल कर लेगा। यह संदेश जब औरंगजेब को मिला तब उसने गुरु जी को दिल्ली दरबार में उपस्थित होकर इस्लाम कबूल करने को कहा। तब उन्होंने दृढ़तापूर्वक, फ़तवा स्वीकार करने से इनकार कर दिया। बादशाह ने अवज्ञा का परिणाम, मृत्यु के रूप में कबूलने के लिए कहा। सजा की तारीख 11 नवंबर, 1675 तय करके चांदनी चौक, दिल्ली में गुरु जी के साथ गए तीन श्रद्धालुओं - भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मती दास जी को देग में उबाल, रूई में लपेट जलाकर और आरे से चीरकर शहीद करने के बाद भी जब गुरु तेग बहादुर जी घबराए नहीं, बल्कि दृढ़ रहे, तब गुरु जी का शीश भी धड़ से अलग कर दिया।

इतना ही नहीं, भाई जैता जी को दिल्ली से आते हुए, गांव गढ़ी कुशाला (बढ खालसा) सोनीपत में, शीश सहित मुगल फौज ने घेर लिया। इस गांव के गुरु घर के अनन्य सेवक, भाई कुशाल सिंह दहिया ने, अपने शीश को पुत्र द्वारा फौज के हवाले करवा दिया और फिर भाई जैता जी फौज को चकमा देकर गुरु जी के शीश सहित तरावड़ी, अम्बाला से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे। उनके शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाने के लिए भाई जैता जी ने सेवा निभाई। पवित्र शरीर का संस्कार उस समय के विश्व के सबसे अमीर लोगों में शामिल लक्खी शाह वंजारा ने अपने गांव रायसिना (दिल्ली) में



अपने घर में रख आग लगाकर किया था। इस हृदय-विदारक घटना के उपरांत ही, मुगलिया सल्तनत का पतन होना तय हो गया।

यह हमारा गौरव है कि हमारा हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। यहीं हरियाणा प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। यहां महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया।

हरियाणा में ही, सिख समुदाय के पहले बादशाह बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़ (यमुनानगर) में मार्शल आर्ट इंस्टीट्यूट व श्री गुरु तेग बहादुर मेडिकल कॉलेज, यमुनानगर बनाया जा रहा है। श्री गुरु नानक देव जी के गुरुद्वारा चिल्ला साहिब (सिरसा) की 72 कनाल भूमि बिना कोई कीमत लिए कमेटी को निशुल्क दी गई। सारे प्रदेश में, अन्य स्थानों पर भी स्मारक द्वार, कॉलेज एवं संस्थानों का नामकरण गुरु साहिबानों के नाम पर किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में सारे विश्व में, लगभग 142 विदेशी दूतावास हैं, वहां के स्थानीय लोगों के सहयोग से, गुरु जी की शहादत को नमन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर आठ गुरु साहिबान, श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु अमरदास जी, श्री गुरु अर्जुन देव जी, श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी, श्री गुरु हरिराय जी, श्री गुरु हरिकृष्ण जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने समय-समय पर इस धरती पर अपने चरण डालकर पवित्र किया।

हरियाणा सरकार द्वारा पहली नवम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक हरियाणा में गुरु साहिब जी की स्मृति में अनेक आयोजन किए हैं जोकि जन-सहभागिता और आध्यात्मिक एकता की अनोखी मिसाल बने हैं। राज्यभर में चारों दिशाओं से निकली श्रद्धा यात्राएं एक अनोखा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव बन गई हैं। राज्य में 8 नवंबर को रोड़ी (सिरसा), 11 नवंबर को पिंजौर (पंचकूला), 14 नवंबर को फरीदाबाद तथा 18 नवंबर को कपाल मोचन (यमुनानगर) में आयोजित यात्राओं ने हरियाणा को सचमुच एक आध्यात्मिक और भाईचारे की एकजुटता के धागे में पिरो दिया है। प्रदेश के गांव-गांव में कीर्तन, भजन, सत्संग और गुरु साहिब जी की वाणी का पाठ किया गया।

गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में 'गुरु तेग बहादुर चेयर' की स्थापना की। अंबाला के पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम बदलकर गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। करनाल में एक भव्य मैराथन तथा टोहाना-जींद-नरवाना मार्ग को "गुरु तेग बहादुर मार्ग" नाम देने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। कलेसर क्षेत्र में "गुरु तेग बहादुर वन" विकसित किया जा रहा है। यमुनानगर के किशनपुर में "जी.टी.बी. कृषि महाविद्यालय" की स्थापना भी प्रस्तावित है। इन सभी पहलों का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और मानवता के अद्वितीय संदेश को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

गुरु साहिब जी के संदेश आज भी हमारे दिलों में उतने ही जीवन्त और प्रभावशाली हैं, जितने 350 वर्ष पहले थे। उनकी अमर वाणी और उनका अद्वितीय बलिदान हमें तथा आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरित करता रहेगा। गुरु जी की शहादत संबंधी, गुरु परंपरा के समकालीन कवि "सेनापति" ने उपयुक्त और अति सुंदर कहा है-

'प्रगट भयो गुरु तेग बहादर, सकल सृष्ट पै ढापी चादर'

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पद ग्रहण
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# जस्टिस सूर्यकांत : गांव से मुख्य न्यायाधीश तक

राष्ट्रपति भवन का ऐतिहासिक प्रांगण एक बार पुनः भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा का साक्षी बना, जब जस्टिस सूर्यकांत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण की शपथ लेते हुए भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण किया। यह क्षण केवल एक संवैधानिक औपचारिकता भर नहीं था, बल्कि भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक ऐसे अध्याय का उद्घाटन था जिसमें अनुभव, संवेदनशीलता और नैतिक दृढ़ता तीनों एक साथ दिखाई देती हैं।

जस्टिस सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार जिले के पेटवाड़ गांव में हुआ। ग्रामीण परिवेश, सादगी, मेहनत और संस्कारों से भरे वातावरण ने उनके व्यक्तित्व का वह आधार गढ़ा, जिस पर आगे चलकर भारतीय न्यायपालिका की ऊँचाइयों तक पहुंचने का महल खड़ा हुआ। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून की शिक्षा प्राप्त की और शुरुआत में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत की। उनके कामकाज, स्पष्टवादिता और न्याय के प्रति संवेदनशील दृष्टि ने उन्हें शीघ्र ही एक प्रतिष्ठित वकील और बाद में एक विश्वसनीय न्यायाधीश के रूप में स्थापित कर दिया। राष्ट्रपति द्वारा आज उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और इसके साथ ही उन्होंने लगभग पंद्रह महीने के अपने कार्यकाल की शुरुआत की, जो 9 फरवरी 2027 को पूरा होगा। यह अवधि भले ही अपेक्षाकृत छोटी है, परन्तु भारत की न्यायपालिका में इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक, सामाजिक और प्रशासनिक मामलों पर निर्णय लिये जाने की संभावना है। जस्टिस सूर्यकांत पहले भी कई महत्वपूर्ण फैसलों का हिस्सा रहे हैं, चाहे वह अनुच्छेद 370 से संबंधित मुद्दे हों, गोपनीयता और निगरानी (पेगासस) जैसे संवेदनशील प्रश्न हों, या फिर सामाजिक न्याय, पर्यावरण और भ्रष्टाचार से जुड़े जटिल मामले हों। उनका दृष्टिकोण संतुलित माना जाता है, जहां कानून की कठोरता है, वहीं मानवीय संवेदना का भी समावेश मिलता है। जस्टिस सूर्यकांत के व्यक्तित्व की जड़ें उनके परिवार और विशेष रूप से उनके पिता श्री मदन गोपाल शास्त्री की शिक्षा में दिखती हैं। शास्त्री जी संस्कृत के अध्यापक थे, लेकिन केवल अध्यापन तक सीमित नहीं थे। वे संस्कृत साहित्य के साथ-साथ हरियाणा की लोक-सांस्कृतिक परंपराओं के भी संरक्षक थे। उनके जीवन का मूल आधार सादगी, स्पष्टवादिता और पारदर्शिता था। परिवार में आपसी सम्मान की परंपरा इतनी गहरी थी कि सभी बच्चों के घरों में माता-पिता के लिए अलग कमरे बनाए गए थे। यह सिर्फ सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उन संस्कारों का द्योतक है जिन्हें इस परिवार ने पीढ़ियों से सँभाल कर रखा। इसी पृष्ठभूमि में पले-बढ़े सूर्यकांत के सार्वजनिक जीवन में भी वही विनम्रता और संतुलन दिखाई देता है। शायद यही कारण है कि उनके निर्णयों में व्यवहारिकता का अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह केवल जस्टिस सूर्यकांत का सम्मान नहीं था, बल्कि न्यायपालिका के उस विश्वास का प्रतीक था जो देश की संपूर्ण न्याय व्यवस्था को संचालित करता है। जब वे शपथ ले रहे थे, तो वह क्षण भारतीय संविधान की आत्मा को नए नेतृत्व के सुपुर्द करने जैसा था। यह नेतृत्व अनुभव, संवेदना, श्रम और विनम्रता से निर्मित है। इस नेतृत्व से न्यायपालिका को नई स्थिरता और नई दिशा मिलने की उम्मीद स्वाभाविक है।भारत जैसे विविधता वाले देश में न्यायपालिका का नेतृत्व केवल कानूनी क्षमता पर आधारित नहीं होता, बल्कि उसकी नैतिक और सामाजिक समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। जस्टिस सूर्यकांत का जीवन हमें यह संदेश देता है कि महान ऊँचाइयों तक पहुंचने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, संकल्प और सादगी भी उतनी ही ज़रूरी हैं। उनके कार्यकाल से इस बात की उम्मीद की जाती है कि वे न्यायपालिका में पारदर्शिता, त्वरित न्याय और संवैधानिक मूल्यों को और सुदृढ़ करेंगे। उनका सफर एक अत्यंत साधारण परिवेश से शुरू हुआ था, लेकिन इस सफर की ऊँचाई अत्यंत असाधारण है और यही उस भारतीय लोकतंत्र की सुंदरता है जिसमें हर नागरिक को अपने प्रयासों, मूल्यों और सपनों के आधार पर सर्वोच्च स्थान तक पहुंचने का अवसर मिलता है। जस्टिस सूर्यकांत की यह यात्रा केवल उनका व्यक्तिगत गौरव नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका और भारतीय समाज दोनों की सामूहिक उपलब्धि है। जबकि उनके शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहना मेरे लिए स्वयं किसी बड़ी उपलब्धि जैसा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की ओर जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। भारत को भी अब उसी स्तर की संवेदनशीलता और निर्णायकता की आवश्यकता है।

*-प्रवीण साहू, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### युग का अंत

धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वे एक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्ती, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपनी हर भूमिका में आकर्षण और गहराई भर दी। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाईं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ।



**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### रिश्ता और भी गहरा

कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी धर्मेंद्र जी से तुरंत लगाव हो गया, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हमारा मनोरंजन किया। जब मैं उनसे मिला तो पर्दे के पीछे का यह रिश्ता और भी गहरा हो गया। उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी।



**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### जरूर याद आएगा

भारतीय सिनेमा की रोशनी आज मंद पड़ गई है। हम इस दुनिया में धर्मेंद्र जी को मिस करेंगे, लेकिन स्क्रीन पर उनकी चमक हमेशा कायम रहेगी। जब भी दोस्ती के फसाने कहे जाएंगे, 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' ज़रूर याद आएगा।



**- गौतम अडाणी, उद्योगपति**

### उदार हृदय वाले

सबसे दयालु इंसान। धरमजी निस्संदेह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे स्नेही और दयालु व्यक्ति थे। वे अच्छाई की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हीमैन कहा जाता था, लेकिन वे सबसे कोमल और उदार हृदय वाले थे।



**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### कनाडा नागरिकता कानून में जल्द करेगा संशोधन

कनाडा ने वंश-आधारित नागरिकता कानून को आधुनिक बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। इस अधिनियम में संशोधन करने वाले विधेयक को शाही मंजूरी मिल गई है। इस कदम से का असर भारतीय मूल के हजारों परिवारों पर पड़ने की संभावना है। कनाडा सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरिकता अधिनियम (2025) में संशोधन करने वाले विधेयक सी-3 को शाही स्वीकृति मिल गई है। इसमें कहा गया कि यह नागरिकता अधिनियम को और अधिक समावेशी बनाने और कनाडाई नागरिकता के मूल्य को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समाचार विज्ञप्ति में कहा गया है, नए कानून के लागू होते ही, उन सभी लोगों को कनाडाई नागरिकता प्रदान की जाएगी, जो विधेयक के प्रभाव में आने से पहले पैदा हुए हैं और जो प्रथम-पीढ़ी की सीमा या पिछले कानूनों के पुराने प्रावधानों के कारण नागरिक नहीं बन पाए थे। कनाडाई वंशानुक्रम से नागरिकता पर पहली-पीढ़ी की सीमा वर्ष 2009 में लागू की गई थी। इसका अर्थ है कि यदि कोई बच्चा कनाडा के बाहर पैदा हुआ या गोद लिया गया है, तो वह वंशानुक्रम से कनाडाई नागरिक नहीं माना जाएगा, यदि उसके कनाडाई माता-पिता भी कनाडा के बाहर ही पैदा हुए हों या गोद लिए गए हों।




## ऑफ बीट

### मातृत्व महिलाओं के खर्च करने का तरीका बदल देता हैं

हमें काफी लंबे समय से ये मालूम हैं कि मातृत्व के चलते महिलाओं को न केवल अपनी आय, पदोन्नति और करियर में तरक्की से हाथ धोना पड़ रहा है बल्कि वे खामोशी के साथ अपनी जमा पूंजी भी खर्च कर रही हैं, रोज़मर्रा के खर्चों का बोझ उठा रही हैं और वित्तीय त्याग भी कर रही हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं की आय पर मातृत्व के प्रभाव के बारे में हम पहले से ही जानते हैं। स्टैटिस्टिक्स कनाडा द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि पिता के प्रत्येक डॉलर के मुकाबले माताएं 85 सेंट कमाती हैं। अपने पहले बच्चे के जन्म के दस साल बाद भी, माताओं की कमाई बच्चों के बिना होने वाली कमाई से लगभग 34.3 प्रतिशत कम है। लेकिन हमारे अध्ययन से यह भी पता चलता है कि मातृत्व के साथ ही महिलाओं का धन के साथ संबंध बदल जाता है और बच्चे होने से उनके वित्तीय निर्णय और खर्च करने की आदतें बदल जाती हैं। अध्ययन में शामिल प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत वित्त पर चर्चा करते समय दो परस्पर विरोधी आख्यानों का वर्णन करती हैं। एक ओर, वे मातृत्व को वित्तीय परियोजना के रूप में देखती हैं जिसे उन्हें बजट और लागत-लाभ के दायरे में स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करना होता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इटली ने लगातार तीसरी बार जीता डेविस कप, स्पेन को हराकर बादशाहत रखी बरकरार


मैटियो बेरेटिनी

एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

इटली ने यानिक सिनर की अनुपस्थिति के बावजूद स्पेन को हराकर लगातार तीसरी बार डेविस कप का खिताब जीता और इस तरह से इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी। सिनर की अनुपस्थिति में मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली इटली के लिए स्टार रहे।

इन दोनों ने अपने एकल मैच जीतकर इटली को फाइनल में स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह इटली का लगातार तीसरा और कुल चौथा डेविस कप खिताब है। लगातार तीन खिताब जीतने वाला आखिरी देश अमेरिका था, जिसने 1968 से 1972 तक लगातार पांच खिताब जीते थे।

- सिनर की अनुपस्थिति में बेरेटिनी और कोबोली रहे स्टार
- इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया और सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया था




### सिनर ने नहीं लिया स्पर्धा में भाग

पिछले दो वर्षों में इटली को डेविस कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अगले सत्र की तैयारी के लिए इस बार डेविस कप में भाग नहीं लिया। यही नहीं इटली के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी नहीं खेल रहे थे। इटली को उनकी जरूरत नहीं पड़ी। उसने इस सप्ताह बोलोग्ना के सुपरटेनिस एरेना में अपने तीनों मैच 2-0 से जीते।

### इटली ने पहली बार 1976 में जीता था डेविस कप

इटली ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया तथा सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया। स्पेन भी अपने स्टार खिलाड़ी और विश्व में शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज के बिना खेल रहा था। फाइनल में बेरेटिनी ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से हराया। उसके बाद कोबोली ने जौम मुनार को 1-6, 7-6 (5), 7-5 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की। इटली ने पहली बार 1976 में डेविस कप जीता था। उसके बाद उसने 2023 और 2024 में मलागा में खिताब जीता था। यह पहली बार है जब उसने अपनी धरती पर जीत हासिल की है। छह बार का चैंपियन स्पेन 2019 के बाद पहली बार खिताबी मुकाबले में खेल रहा था।

### डेविस कप की मेजबानी के इच्छुक दिल्ली, कर्नाटक

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल फरवरी में नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा और यह मुकाबला हार्डकोर्ट पर ही होने की संभावना है क्योंकि दिल्ली और कर्नाटक दोनों ने मैचों की मेजबानी की इच्छा जताई है। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप वन में स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर क्वालीफायर में प्रवेश किया। वहीं डच टीम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में अर्जेंटीना ने इसी अंतर से मात दी। क्वालीफायर का पहला दौर छह या सात फरवरी या सात और आठ फरवरी को होगा। ड्रॉ रविवार की शाम को निकाले गए। पिछली बार दोनों टीमों का सामना 2003 में हुआ था जब नीदरलैंड ने भारत को 5- 0 से मात दी थी।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया, तारिक ने लगाई हैट्रिक

**रावलपिंडी।** रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में प्रवेश कर लिया। तारिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे ज़िम्बाब्वे 19 ओवर में 126 रन पर आउट हो गया। पाकिस्तान की यह टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। टूर्नामेंट की तीसरी टीम श्रीलंका है। जिम्बाब्वे के लिए रयान बर्ल ने 49 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने रिचर्ड नगारवा (05) के साथ आखिरी विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। इससे पहले बाबर आजम (74) और साहिबजादा फरहान (63) के अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवरों में पांच विकेट पर 195 रन बनाए। फखर जमां ने आखिरी क्षणों में 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन की पारी खेली।

### प्रो टी20 लीग खेलेंगे हरभजन और स्टेन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और हरभजन सिंह तथा दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर शेन वाटसन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होने वाली लीजेंड्स प्रो टी20 लीग में आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को लीग आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस लीग में छह फ्रेंचाइजी आधारित टीम और 90 दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिताओं के मुकाबलों का आयोजन 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा।

### हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर, कमिंस की वापसी!



**पर्थ।** ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे, जो गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह सीरीज़ में आगे चलकर अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि कप्तान पैट कमिंस अगले हफ़्ते गाबा में वापसी कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 29 दिसंबर से शुरू होगा। हेजलवुड शेफ़ील्ड शील्ड के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण पर्थ के पहले मैच से बाहर हो गए थे। वह अपना रिहैब जारी रखने के लिए ब्रिस्बेन में टीम से जुड़ेंगे और मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड को उम्मीद है कि वह सीरीज के अंत में उपलब्ध रहेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि वह (हेजलवुड) अपने रिहैब के पहले हफ़्ते में काम कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें इस बारे में कोई अपडेट देने की जरूरत है। एक बार जब वह आगे बढ़ेंगे और हमारे पास कुछ अनुमानित समय-सीमाएं होंगी।

## गुवाहाटी टेस्ट : भारतीय बल्लेबाजों का गैर जिम्मेदाराना रवैया, पहली पारी 201 रन पर सिमटी

# भारत को क्लीन स्वीप का खतरा, यानसन का कहर, दक्षिण अफ्रीका के पास 314 रन की लीड

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान ऋषभ पंत सहित प्रमुख बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से अपने विकेट इनाम में देने के कारण भारतीय टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 201 रन पर सिमट गई, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में मजबूत शिकंजा कसकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अपनी पहली पारी में 489 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 288 रन की बढ़त हासिल की।

उसने भारत को फॉलोऑन देने की बजाय दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना उचित समझा। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 314 रन की हो गई है। खराब रोशनी के कारण जब तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब एडेन मार्क्रम 12 और रयान रिकलेटन 13 रन पर खेल रहे थे।



### 10 साल बाद हुआ बड़ा कारनामा

मार्को यानसन 19.5 ओवर में 48 रन देकर भारत के 6 बल्लेबाजों का शिकार किया। इसके साथ ही यानसन ने भारतीय सरजमीं पर बड़ा कारनामा कर दिखाया। यानसन भारत की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में 5 या उससे ज्यादा विकेट चटकाने वाले महज चौथे साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज बन गए हैं। यही नहीं, 10 साल बाद भारत में कोई साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज 5 विकेट टेस्ट में हासिल करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले लांस क्लूसनर (1996), डेल स्टेन (2008, 2010) और काइल एबॉट (2015) ने यह बड़ा कारनामा किया था।

### सुंदर -कुलदीप ने जोड़े 8वें विकेट के लिए 72 रन

भारतीय बल्लेबाजों को अपने निचले क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 48 रन) और कुलदीप यादव (134 गेंद पर 19 रन) से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने सात विकेट 122 रन पर गिरने के बाद आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़े। उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। यशस्वी जायसवाल (97 गेंदों में 58 रन) ने स्ट्रोक्स से भरपूर अर्धशतक जड़ा, लेकिन हार्मर की एक गेंद ने अचानक उछाल लिया, जिस पर वह गच्चा खा गए और यानसन को कैच दे बैठे। केएल राहुल (22) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वह भी जायसवाल के साथ 65 रन की साझेदारी के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन केशव महाराज और हार्मर की दो गेंद ऐसी थी, जिसने सुबह के सत्र का रुख पूरी तरह बदल दिया।

### जायसवाल खास क्लब में शामिल

जायसवाल सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 24 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा 50 से ज़्यादा स्कोर बनाए हैं और 21वीं सदी में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में सिर्फ छह खिलाड़ियों ने यह अनोखी कामयाबी हासिल की है, जिसमें एलिस्टर कुक और केन विलियमसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने जनरेशन बदलने के बाद से ऐसा किया है। सचिन तेंदुलकर ने अपने 24वें तक जन्मदिन तक 1989 से 1997 के बीच 29 बार टेस्ट में 50 प्लस का स्कोर किया था।

### यानसन ने 48 रन देकर लिए 6 विकेट

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मार्को यानसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में 93 रन बनाने वाले इस तेज गेंदबाज ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा फायदा उठाकर भारतीय बल्लेबाजों को अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर (64 रन देकर तीन विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। मार्क्रम ने पांच कैच लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का यानसेन बो हार्मर | 58 | 97 | 7 | 1 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 22 | 63 | 2 | 0 |
| सुदर्शन का रिकेल्टन बो हार्मर | 15 | 40 | 2 | 0 |
| जुरेल का महाराज बो यानसेन | 00 | 11 | 0 | 0 |
| पंत का वेरेनबो यानसेन | 07 | 8 | 0 | 1 |
| जडेजा का मारक्रम बो यानसेन | 06 | 18 | 0 | 0 |
| रेड्डी का मारक्रम बो यानसेन | 10 | 18 | 1 | 0 |
| सुंदर का मारक्रम बो हार्मर | 48 | 92 | 2 | 1 |
| यादव का मारक्रम बो यानसेन | 19 | 134 | 3 | 0 |
| बुमराह का वेरेन बो यानसेन | 05 | 25 | 1 | 0 |
| सिराज नाबाद | 02 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 83.5 ओवर में 201/10 रन
**गेंदबाजी :** यानसेन 19.5-5-48-6, मुल्डर 10-5-14-0, महाराज 15-1-39-1, हार्मर 27-6-64-3, मारक्रम 10-1-26-0, मुथुसामी 2-0-2-0

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 13 | 25 | 1 | 0 |
| मारक्रम नाबाद | 12 | 23 | 2 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल : आठ ओवर में 26 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-13-0, सिराज 3-1-8-0, जडेजा 1-0-2-0, कुलदीप 1-0-2-0.

## बधिर ओलंपिक

### प्रांजलि का शानदार प्रदर्शन, जीता दूसरा गोल्ड मेडल, टॉप-5 में भारत

**टोकियो।** भारतीय निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने अभिनव देशवाल के साथ मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण और महिला एयर पिस्टल में रजत पदक जीता था। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन की मोसिना हालिना ने रजत और कोरिया की जियोन जिवोन ने कांस्य पदक जीता। भारत की एक अन्य खिलाड़ी और महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनुया प्रसाद चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि ने 600 में से 573 अंक के नए क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड के साथ फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने पिछले वर्ष जर्मनी में विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। अनुया प्रसाद क्वालीफिकेशन में 569 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।



### भारतीय निशानेबाजों ने जीते प्रतियोगिता में 16 पदक

प्रांजलि ने फाइनल में 34 अंक बनाए, जो मोसिना से दो अंक ज़्यादा थे, जिन्होंने रजत पदक जीता। जियोन ने 30 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। उन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया। रविवार को अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जो बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का 15वां पदक था। भारतीय निशानेबाजों ने बधिर ओलंपिक में अब तक सात स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित 16 पदक जीते हैं। निशानेबाजी स्पर्धाओं का समापन मंगलवार को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के साथ होगा।

## टेनिस

# 17 से डब्ल्यूटीएल, एक टीम में मेदवेदेव और बोपन्ना



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव और अनुभवी भारतीय रोहन बोपन्ना 17 से 20 दिसंबर तक होने वाली विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के लिए एक ही टीम में खेलेंगे जबकि सुमित नागल उस टीम का हिस्सा हैं, जिसमें दुनिया के पूर्व नंबर छह खिलाड़ी गेल मोनफिल्स शामिल हैं।
निक किर्गियोस और कनाडा के स्टार डेनिस शापोवालोव भी चार टीम की इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले 2025 सत्र में चार टीम में 16 अंतरराष्ट्रीय और भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट तीन सत्र के बाद पहली बार यूएई के बाहर आयोजित हो रहा है। पिछले महीने अल्माटी ओपन का खिताब जीतने वाले दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव मौजूदा चैंपियन गेम चेंजर्स फाल्कन्स के लिए खेलेंगे। टीम में उनके साथ दिग्गज युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और अन्य खिलाड़ी भी होंगे।

### टीमें इस प्रकार

**गेम चेंजर्स फाल्कन्स :** डेनियल मेदवेदेव, रोहन बोपन्ना, मैग्डा लिनेट और सहजा यमलापल्ली।
**वीबी रियल्टी हॉक्स :** डेनिस शापोवालोव, युकी भांबरी, एलिना स्वितोलिना और माया रेवती।
**ऑसी मैवरिक्स काइट्स :** निक किर्गियोस, दक्षिणेश्वर सुरेश, मार्टा कोस्त्युक और अंकिता रैना।
**एओएस ईगल्स :** गेल मोनफिल्स, सुमित नागल, पाउला बडोसा और श्रीवल्ली भामिदिपति।

### टीम को मेदवेदेव के कोर्ट पर दबदबे का फायदा

गेम चेंजर्स फाल्कन्स के अमनदीप सिंह ने कहा, 'टीम को मेदवेदेव के कोर्ट पर दबदबे और बोपन्ना की युगल में विशेषज्ञता का फायदा मिलेगा। मैग्डा और सहजा के आने से टीम में गहराई और विविधता आएगी, जिससे हम आगे एक रोमांचक सत्र की उम्मीद कर रहे हैं।' शापोवालोव पदार्पण कर रहे वीबी रियल्टी हॉक्स की अगुआई करेंगे, जिसमें भारत के युकी भांबरी भी शामिल हैं। विंबलडन 2022 के फाइनल में जगह बनाने वाले किर्गियोस ऑसी मैवरिक्स काइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोनफिल्स और नागल को एओएस ईगल्स टीम में जगह मिली है।

### भारत ने ढाका में महिला कबड्डी विश्व कप जीता

**ढाका (भाषा)।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को चीनी ताइपै को 35 . 28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा ,'' भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिये बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढता का प्रदश्रन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी।'' भारत ने सेमीफाइनल में ईरान को 33 . 21 से हराया था। दूसरी ओर चीनी ताइपै ने बांग्लादेश को 25 . 18 से मात दी थी। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा ,'' हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचाा जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई । आपकी शानदार जीत ने फिर साबित कर दिया कि भारत की खेल प्रतिभायें शिखर पर क्यो हैं । भविष्य के लिये शुभकामनायें।'' लीग चरण में भारत ने थाईलैंड, बांग्लादेश, जर्मनी और युगांडा को मात दी थी। मार्च में एशियाई चैम्पियनशिप जीतने के बाद भारत का यह दूसरा बड़ा खिताब है ।

# निखिल चौधरी ने ऑस्ट्रेलिया में रचा इतिहास शील्ड में सेंचुरी जड़ने वाले बने पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त है, वहीं एक भारतीय क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता शेफील्ड शील्ड में अपने बल्ले से धमाल मचा रहा है। पंजाब की ओर से लिस्ट-ए क्रिकेट खेल चुके निखिल चौधरी ने इतिहास रचते हुए इस सदी में शेफील्ड शील्ड में शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है।

### 163 रनों की धमाकेदार पारी

निखिल चौधरी ने न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया की ओर से खेलते हुए 163 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत तस्मानिया ने तीसरे दिन देर शाम 8/623 पर घोषित करते हुए 232 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। इससे पहले केलिब ज्वेल ने 102 रन बनाए थे, जबकि 24 नवंबर को टिम वॉर्ड और चौधरी दोनों ने शतक जड़े और टीम का स्कोर शील्ड इतिहास के अपने दूसरे सबसे बड़े टोटल तक पहुंचा दिया।



### दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया तक का सफर

29 साल के चौधरी 2020 में ऑस्ट्रेलिया आए और कोविड-19 महामारी के कारण वहीं फंस गए। बाद में वे ऑस्ट्रेलिया के स्थायी निवासी बने, हालांकि भारतीय नागरिकता उनकी अभी भी बरकरार है। क्वीनसलैंड की क्लब क्रिकेट में उनके प्रदर्शन ने तस्मानिया के असिस्टेंट कोच जेम्स होप्स का ध्यान खींचा, जिनकी सिफारिश पर उन्हें बीबीएल में मौका मिला। पिछले सीजन वे तस्मानिया शिफ्ट हो गए और इस साल उन्हें लिस्ट-ए और फर्स्ट-क्लास दोनों में मौके मिल रहे हैं।

## आज से शुरू सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट

# श्रीकांत और प्रणय को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एचएस प्रणय इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे लेकिन उन्हें मंगलवार 25 नवंबर से शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जो शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने के लिए तैयार हैं।

इस 240,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता की चमक भी कुछ कम हो गई है, क्योंकि अमेरिकी ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के बाद अंतिम समय में इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। पूर्व चैंपियन श्रीकांत को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता बनकर नई ऊर्जा मिली थी, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाए। अब घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट से उन्हें साल का अंत सकारात्मक तरीके से करने का एक और मौका मिलेगा।



### प्रणय जीत हासिल करने के लिए बेताब

प्रणय भी जीत हासिल करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने हाल में जापान मास्टर्स और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन वहां अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह अब घरेलू दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत का पहला मुकाबला मीराबा लुवांग मैसनाम से जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणय का सामना पहले दौर में कविन थंगम से होगा। सभी की निगाहें छठे वरीय थारुण मन्नेपल्ली पर भी होंगी, जो सतीश कुमार करुणाकरण से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम भी मनराज सिंह के खिलाफ अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

### ओकुहारा होगी स्पर्धा में शामिल

महिला एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा इस प्रतियोगिता का आकर्षण होगी। भारतीय टीम में शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा शामिल हैं, जो अपने पहले मैच में आकर्षि कश्यप से भिड़ेंगी। तस्नीम मीर का सामना अदिति भट्ट से होगा और अनमोल खरब अपने पहले मैच में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त हिना अकेची से भिड़ेंगी।
विश्व जूनियर रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला अश्मिता चालिहा से होगा। इसके अलावा महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय, तान्या हेमंत, इशरानी बरुआ, मानसी सिंह, श्रियांशी वलीशेट्टी, देविका सिहाग, रक्षिता श्री संतोष रामराज और श्रेया लेले भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।




## खबर संक्षेप

### पेशावर में धमाका, 3 जवानों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान के पेशावर में एक बड़ा धमाका हुआ है। यह धमाका पाकिस्तानी सेना के ठिकाने के पास हुआ, जिसे आत्मघाती हमलावर के जरिये अंजाम दिया गया. एक सुसाइड बॉम्बर ने गेट पर खुद को उड़ा लिया, जिसके बाद फायरिंग की आवाजें भी सुनी गई हैं. फिलहाल इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, हमले की की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है लेकिन हमले में 3 जवानों और 2 हमलावरों की मौत हुई है।

### यूके के पूर्व पीएम डेविड हुए प्रोस्टेट कैंसर के शिकार



**नई दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन प्रोस्टेट कैंसर का शिकार हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने ये जानकारी साझा की है। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन (पीएसए) टेस्ट करवाया था, जिसमें बीमारी के प्रकार से जुड़े प्रोटीन की जांच की जाती है। इस रिपोर्ट में उन्हें प्रोस्टेट कैंसर के बारे में जानकारी मिली, बाद में उनकी बायोप्सी हुई।

### 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के गंडकी प्रांत के कास्की जिले में रविवार शाम 4.0 तीव्रता का हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अन्नपूर्णा-2 पर्वत क्षेत्र के पास था। शाम 5:17 बजे आए इस झटके को आसपास के बालुंग, लामजुंग और स्यांगजा जिलों में भी महसूस किया गया। राहत की बात यह है कि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। उथले भूकंप, गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं।

वार्ता का मुख्य उद्देश्य सीमा शुल्क की प्रक्रियाओं को आसान बनाना

# भारत-इजराइल के बीच एफटीए वार्ता फिर शुरू हुई, जीटीआरआई ने कहा- व्यापार नहीं, दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी है मुख्य लाभ

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का मुख्य फोकस रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करना होगा। दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-इजराइल के बीच चल रहे एफटीए वार्ता का सबसे बड़ा फायदा माल-व्यापार को नहीं, बल्कि दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपने रिपोर्ट में यह दावा किया है।

- माल और सेवाओं के व्यापार में बाजार पहुंच
- शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाना
- निवेश प्रक्रिया में सुगमता



### दोनों देशों के बाजार में है सीमित मांग

जीटीआरआई के मुताबिक, दोनों देशों के बाजार छोटे हैं और उनकी मांग भी सीमित है। इसलिए अगर एफटीए पूरा हो भी जाता है, तो सामानों के व्यापार में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि दोनों देशों के लिए यह समझौता असल में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का मौका है। एफटीए के बाद भी सामानों के व्यापार में तेज बढ़ोतरी होना मुश्किल है। इजराइल, एक उच्च आय और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था है। इसकी जनसंख्या 10 मिलियन से भी कम है। यह देश भारत के कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सामान्य इंजीनियरिंग वस्तुओं जैसे बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए सीमित संभावनाएं प्रदान करता है। जीटीआरआई का कहना है कि कृषि, जेनेरिक दवाइयां, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में भारत प्रतिस्पर्धी है, लेकिन इसजराइल या तो आत्मनिर्भर है, सख्त गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों का पालन करता है।

### भारत-इजराइल के आर्थिक संबंधों को गहरा करने के नए प्रयास

भारत ने इजराइल के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए एक नए प्रयास की शुरुआत की है। इसके तहत उसने लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को पुनर्जीवित किया है। यह वार्ता पहली बार शुरू होने के एक दशक से भी अधिक समय बाद हुई है। नई दिल्ली और यरुशलम ने 2010 में एफटीए पर चर्चा शुरू की, 2012-13 तक कई दौर की बातचीत की, और फिर 2014 के बाद संवेदनशील उत्पादों के लिए टैरिफ, मानकों और बाजार पहुंच पर मतभेदों के बीच इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। 2024-25 में कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के बाद, दोनों सरकारों ने अब बातचीत फिर से शुरू करने के लिए नए संदर्भ-बिंदुओं को अंतिम रूप दिया है।

नागरिकता कानून को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# नागरिकता कानून पर कनाडा का बड़ा फैसला भारतीय मूल के परिवारों को होगा लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में वर्ष 2023 में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ आखिरकार पिघल गई है। जिसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बीते रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडा के समकक्ष प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक है। क्योंकि इससे ठीक पहले और बाद में दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए। एक में कनाडा ने बिल सी-3 के जरिए अपने पुराने वंशानुगत नागरिकता कानून (बॉय डीसेंट) में बड़ा बदलाव किया है, जिससे भारतीय मूल के लोगों को फायदा मिलेगा। तो दूसरी में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने पिछले करीब तीन साल से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर ठप पड़ी हुई बातचीत को उच्च-आकांक्षाओं के साथ एक बार फिर से शुरू करने की घोषणा की है। जिससे 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होकर 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। ज्ञात हो कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच इस साल हुई ये दूसरी द्विपक्षीय बैठक थी। इससे पहले जून-2025 में कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भी दोनों के बीच एक बैठक हुई थी।

*व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर फिर से शुरू होगी बातचीत*

*2030 तक 50 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार*

### कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले साल भारत यात्रा पर आएंगे



कनाडा पीएम मार्क कार्नी एवं मोदी।

*जोहानिसबर्ग (एजेंसी)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले साल भारत की यात्रा करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्नी को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री कार्नी ने 2026 की शुरुआत में भारत आने के प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के अलावा रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में गहन सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने वस्तुओं, सेवाओं, निवेश, कृषि, डिजिटल व्यापार और सतत विकास को शामिल करते हुए एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने पर सहमति व्यक्त की।*

### नागरिकता कानून से भारतीयों को होगा ये

कनाडा ने बिल को 'सी-3 नागरिकता कानून 2025' का नाम दिया है। जिसकी मदद से बड़ी तादाद में कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के उन परिवारों को काफी राहत मिलेगी। जिनके बच्चे विदेशों में पैदा हुए या विदेशों में ही गोद लिए गए हैं। पुराने कानून में 2009 से चली आ रही पहली पीढ़ी की सीमा की वजह से विदेशों में पैदा हुए इन परिवारों के बच्चों को कनाडा की नागरिकता नहीं मिलती थी।

### लॉस्ट कनेडियन्स की बल्ले-बल्ले

कनाडा के सार्वजनिक प्रसारक सीबीसी ने कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लीना डियाब के हवाले से बताया कि यह नया सी-3 कानून पुराने नियमों की वजह से कनाडा की नागरिकता पाने से चूक गए लोगों के साथ खासतौर पर न्याय करेगा। कानून की मदद से उन परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। जिनके बच्चों को या कुछ मामलों में जिन्हें खुद भी विदेश में जन्म लेने की वजह से नागरिकता नहीं मिली थी।

शंघाई हवाईअड्डे पर पासपोर्ट जब्त कर 18 घंटे तक हिरासत में रखा

## चीन ने अरुणाचल को अपना बताकर किया भारतीय महिला को प्रताड़ित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल अक्टूबर महीने में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के मध्य से जारी सैन्य विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को तेजी से सामान्य बनाने की कवायद जारी है। हालिया समय में इसे लेकर कई अहम निर्णय लिए जा चुके हैं। जिसमें पर्यटक वीजा, कैलाश मानसरोवर यात्री की पुनः बहाली का मुद्दा भी शामिल है। लेकिन इन सबके बावजूद बीते सप्ताह शुक्रवार (21 नवंबर) को अरुणाचल-प्रदेश में जन्मी लंदन से जापान जा रही एक भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक को शंघाई हवाईअड्डे पर लगभग तीन घंटे के ट्रांजिट स्टॉप-ओवर के दौरान चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ इसलिए आगे नहीं जाने दिया। क्योंकि उनके पास भारत का पासपोर्ट था। जिसे वो अवैध बताते हुए कह रहे थे कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का नहीं बल्कि चीन का हिस्सा है। प्रेमा को प्रताड़ित करते हुए करीब 18 घंटे तक चीनी अधिकारियों ने हिरासत में भी रखा और उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया। मामले से परेशान महिला ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

### अगली फ्लाइट पर नहीं चढ़ने दिया

प्रेमा ने कहा कि वैध वीजा न होने को लेकर शुरू हुआ ये लंबा संघर्ष काफी परेशान करने वाला था। जिसमें उन्हें चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों ने कोई सहयोग या सुविधा प्रदान नहीं की। उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में भी चढ़ने नहीं दिया गया। जबकि उनके पास इसके लिए वैध वीजा मौजूद था। उन्होंने कहा कि वो हवाईअड्डे पर उनका मजाक उड़ा रहे थे और ये कह रहे थे कि वो चीन का पासपोर्ट क्यों नहीं ले लेती हैं? प्रेमा के मुताबिक, ट्रांजिट क्षेत्र में होने की वजह से वह न तो नया टिकट खरीद सकीं, न खाने का सामान और न ही किसी दूसरे काउंटर पर जा सकीं। चीनी अधिकारियों ने उन पर ईस्टर्न चाइना एयरलाइंस से ही टिकट खरीदने का दबाव भी बनाया।

### भारत ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया

वहीं, भारत ने पिछले सप्ताह शंघाई हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की एक महिला को कथित तौर पर रोके जाने के मुद्दे पर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी पक्ष की ऐसी कार्रवाइयां इस प्रक्रिया में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न करती हैं। जानकारी के मुताबिक थोंगडोक लंदन से जापान जा रही थीं।

## बंद हुआ सरकारी खर्चों को घटाने वाला ट्रंप का डोज विभाग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने पर एलन मस्क की लीडरशिप में एक नए विभाग का गठन किया था। इसका नाम डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी रखा गया था। शुरुआत में विवेक रामास्वामी को भी इस डिपार्टमेंट में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने इसे छोड़ दिया था। कुछ समय पहले मस्क ने भी इस विभाग को छोड़ दिया था। अब इस डिपार्टमेंट पर बड़ा अपडेट सामने आया है।



### ट्रंप ने तय समय से पहले बंद किया डोज

ट्रंप ने तय समय से पहले ही डोज को चुपचाप बंद कर दिया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का गठन जुलाई 2026 तक के लिए किया गया था, लेकिन एक साल से भी कम समय में इसे बंद कर दिया गया।

## भारत के शुक्रगुजार हैं... तालिबानी मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने की तारीफ

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्टर नूरुद्दीन अजीजी ने भारत का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने यह बात अपने भारत दौरे को आसान बनाने, अफगानिस्तान के विकास में सहयोग करने और आपसी व्यापार को बढ़ाने पर सहमति के लिए कही है। दरअसल,



तालिबान सरकार में इंडस्ट्री और व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने अपने दौरे के अंतिम दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की यात्रा को सफल बताया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25